हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 1 मई 2026



**तापमान**

अधिकतम 41.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री



एटीआर क्षेत्र में रहने वाली छात्राओं के आने-जाने के लिए शासन ने नई बस की व्यवस्था की है।

## खबर संक्षेप



### केबल में लगी आग बॉटल के पानी से बुझाई

**बिलासपुर।** तेलीपारा रोड स्थित लीला इलेक्ट्रानिक्स के पास बिजली खंबे में दोपहर 3 बजे अचानक आग लग गई। केबल और बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने के कारण आग लगी थी, इसकी जानकारी व्यापारियों को होने के बाद फ्यूज कॉल श्याम टाकिज में शिकायत की गई। कुछ ही मिनटों में बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान केबल धूं-धू कर चल रहा था, कर्मचारियों के पास इसे बुझाने का कोई साधन नहीं था। ऐसे में पीने के बाटल में पानी लेकर केबल तारों की आग बुझाते रहे, करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद दो केबल काटा गया, और आग पर काबू पा लिया गया है।

### महतारी वंदन के लिए ई केवाईसी 30 जून तक

**बिलासपुर।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों की 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सीएससी केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सीएससी केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। इसके लिए हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीकरण आईडी के साथ नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के प्रिंटआउट या आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। यह भी कहा गया है कि सीएससी केंद्रों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अगर पैसे की मांग करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

### कबाड़ के जुगाड़ से बनी फागिंग मशीन

**बिलासपुर।** नगर निगम में वेल्डर के पद पर कार्यरत प्रदीप विश्वकर्मा ने वो कर दिखाया है, जो अक्सर बड़े बजट और हाइटेक मशीनों से ही संभव माना जाता है। उन्होंने अपने हुनर और मेहनत से एक अनोखी मशीन तैयार की है। मच्छरों से जंग लड़ने के लिए बनाई गई यह फागिंग मशीन किसी महंगी तकनीक से कम नहीं है। खास बात यह है कि इसकी कीमत लाखों में होती है लेकिन इसे उन्होंने महज 11 हजार रुपए में तैयार कर दिया है। सिर्फ 16 दिनों में बनी इस मशीन ने नगर निगम को भी बड़ी आर्थिक राहत दी है।

# 45 डिग्री की तपिश में भी मेहनतकश बेबस, जारी है जिंदगी की जंग



**अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विशेष**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

45 डिग्री तापमान में जब लोग अपने-अपने घरों में कूलर व एसी की ठंडी हवा में लेटे हुए गर्मी की भीषणता और इससे बचाव की चर्चा कर रहे होते हैं, तब पसीने से नहाए मजदूर भरी दुपहरी में अपने-अपने काम में जुटे नजर आते हैं।

1 मई को श्रमिकों के सम्मान के लिए एक दिन विशेष तो घोषित कर दिया गया है, लेकिन ऊंची इमारतें खड़ी करने वाले मजदूरों से लेकर उद्योगों की भट्ठी में तपने वाले मजदूरों तक सबकी सुरक्षा की स्थिति एक जैसी ही है। कार्यस्थल पर सुरक्षा, सामाजिक सम्मान और सम्मानजनक वेतन का उन्हें आज भी इंतजार है। शुक्रवार एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

■ **कार्यस्थल पर आज भी असुरक्षित माहौल में काल-कवलित हो रहे मजदूर, न उचित पारिश्रमिक, और न सामाजिक सुरक्षा**

पीड़ादायक बात यह है कि एक मई को मजदूर दिवस होने की जानकारी सारे लोगों को होती है, लेकिन जिनके नाम पर यह दिवस मनाया जाता है, वे ही इससे बेखबर होते हैं। रोज की तरह वे एक मई को भी अपने-अपने कार्यस्थल पर जाएंगे। पूरे दिन काम करेंगे और दिहाड़ी लेकर वापस घर लौट जाएंगे। अशोक नगर चौक से लेकर पानी टंकी के बीच निर्माणाधीन गौरव पथ सड़क के अंतर्गत नाली निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिक से इतनी कड़ी धूप में काम करने पर स्वास्थ्यगत परेशानियों के संबंध में खोरबहरा सूर्यवंशी ने कहा कि धूप, बारिश और ठंड ये सिर्फ मौसम हैं। आते हैं और चले जाते हैं। इसको ध्यान में रखेंगे तो काम नहीं कर सकेंगे। नाली निर्माण के काम में ही लगे बिरकोना निवासी साधेलाल बरगाह ने एक वाक्य में ही मजदूर दिवस के औचित्य को ही समाप्त कर दिया। उनका कहना है कि मजदूरों को छोड़कर बाकी पूरी दुनियां को पता होता है कि कल एक मई को मजदूर दिवस है। मजदूर तो रोज की तरह एक मई को भी कमाने-खाने में ही निकाल देता है।

रायपुर रोड में नाला निर्माण में संलग्न महिला मजदूर फगिया डहरिया ने कहा कि धूप को देखकर अगर काम करने से डर जाएंगे तो घर के छोटे बच्चों को कमाकर कैसे खिलाएंगे? मजदूरी ही उनके जीवन यापन का जरिया है। इसी साईट में काम करने वाली एक अन्य महिला रागनी कश्यप कहती हैं कि इस काम के शुरूआती दौर में थोड़ी परेशानी महसूस होती थी, लेकिन अब शरीर को भी सब कुछ सहने की आदत सी हो गई है।

### पंजीकृत श्रमिकों की संख्या पौने चार लाख पहुंची

मजदूर भले ही कम पढ़े लिखे हो सकते हैं, लेकिन वे भी अपने अधिकारों के प्रति अब सजग होने लगे हैं। सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के उद्देश्य से अधिक से अधिक संख्या में श्रमिकों द्वारा श्रम विभाग में अपना पंजीयन कराया जाने लगा है। यही कारण है कि संगठित व असंगठित श्रेणी को मिलाकर जिले में पंजीकृत श्रमिकों की संख्या अब 3 लाख 70 हजार के पार पहुंच चुकी है।

### श्रमिकों को दिए जाएंगे चेक

श्रमिक दिवस के अवसर पर इस साल अलग से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश नहीं हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत हरदीकला ग्राम पंचायत में श्रमिकों को चेक का वितरण किया जाएगा।

-ज्योति शर्मा, सहायक श्रम आयुक्त

### खून-पसीने की असली कमाई

बातचीत के दौरान आमतौर पर हमेशा एक लाईन बोली जाती है, 'खून पसीने की कमाई',,,इस लाईन का जन्म शायद किसी मजदूर को काम करते हुए देखकर ही किया गया होगा। कपकपाती ठंड हो, या भरी बरसात या फिर गर्मी में लू चल रही हो, मजदूरों की कौम कड़ी धूप में पसीने से तर ब तर होकर अपने काम में जुटी होती है। पूरे दिन दिहाड़ी करके कमाई गई उनकी मजदूरी ही सही मायनों में खून पसीने की कमाई होती है।

### इस बार,,भूल गई सरकार?

बीते वर्ष प्रदेश सरकार के द्वारा एक मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर राजधानी में एक वृहद समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें प्रदेश भर के श्रमिकों की भागीदारी हुई थी। इस साल सरकार एक मई से सुशासन तिहार की शुरूआत कर रही है। ऐसे में मजदूरों के लिए समर्पित साल का यह एकमात्र दिन भी भुला दिया गया है। जिले में सुशासन तिहार के दौरान हरदीकला ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ही श्रमिकों को चेक का वितरण किया जाएगा।

## एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने में मिली सफलता

# एसीसीयू ने 8 माह से वीआईपी इलाके में चोरी करने वाले शातिर चोर को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीसीयू टीम ने रिटायर्ड बैंक कर्मी के घर 11 तोला सोना चोरी होने के मामले में 1000 सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालने के बाद शातिर चोर को धरदबोचा है। आरोपी पिछले 8 माह से नेहरू नगर, नर्मदा नगर, मंगला इलाके में एसी मैकेनिक बनकर सूने मकानों की रैकी कर रहा था, इस दौरान उसने 8 सूने मकानों में चोरी की थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर जेवर, वाहन व चोरी की रकम से खरीदा गया 46 लाख का सामान बरामद किया है।

■ **एसी मैकेनिक बनकर मकानों की रैकी कर रहा था**

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, 20 अप्रैल को नेहरू नगर गीतांजली विहार निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी देवदास वर्मा के सूने मकान से 11 तोला सोना व चांदी के जेवर व 10 हजार रुपए नकद की चोरी हो गई थी। सीएसपी निमितेश सिंह के नेतृत्व में एसीसीयू प्रभारी गोपाल सतपथी द्वारा श्री वर्मा के घर के आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। एक युवक कैप लगाकर उनके घर में घुसते नजर आया। पुलिस की टीम ने नेहरू नगर, नर्मदा नगर, मंगला चौक, मुंगेलीनाका, उसलापुर रोड में 1000 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इनमें घटना के बाद मंगला चौक से एक युवक मुंगेली नाका चौक की ओर जाते दिखा। फुटेज खंगालने पर उक्त संदिग्ध के बाइक का नम्बर हाथ लग गया। बाइक नम्बर के आधार पर संदिग्ध की पहचान गौरेला खोण्डरी बाजार निवासी सूरज काछी पिता सुरेश काछी 30 साल के रूप में हुई, वह सरकण्डा बंगलीपारा गली नम्बर 6 में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने गौरेला में उसके घर में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने रिटायर्ड बैंककर्मी के अलावा क्षेत्र के 7 अन्य सूने मकानों में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर चोरी का 252 ग्राम सोना, 1 किलो 95 ग्राम चांदी, चोरी की रकम से खरीदा गया सामान कूलर, फ्रिज, सोफा, इन्वर्टर और बैटरी, दो मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी, एक बाइक सहित 45 लाख 84 हजार 500 रुपए का सामान जब्त किया है।





### टीआई सहित चार होंगे पुरस्कृत

एसएसपी ने श्री सिंह ने शातिर चोर को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले टीआई सुम्मत साहू को 2000 रुपए, आरक्षक रवि यादव को 500, प्रशांत सिंह को 500, धीरेन्द्र तोमर सिंह तोमर को 500 रुपए नकद ईनाम से पुरस्कृत किया है

### इन इलाको में की थी चोरी

आरोपी ने 8 माह में वीआईपी इलाका सिविल लाइन क्षेत्र के नेहरू नगर, 27 खोली, गुलमोहर पार्क, इन्द्रसेन कालोनी, गीतांजली पार्क, नंद विहार, यमुना नगर, कुदूदण्ड के 8 सूने मकानों में चोरी की थी।

### आनलाइन सट्टे ने बना दिया चोर

एसएसपी श्री सिंह ने बताया, आरोपी ऑनलाइन सट्टा खेलने का आदी था। वह ऑनलाइन सट्टा में 25 लाख रुपए हार गया था। उसके बाद वह बिलासपुर आया और चोरी की वारदात को अंजाम देने लगा था।

### एसी मैकेनिक बनकर करता था रैकी

आरोपी सूरज काक्षी एसी मैकेनिक बनकर सिविल लाइन क्षेत्र में घूमकर सूने मकान की रैकी करता था। मकान के आसपास के गलियों की जानकारी लेने के बाद रात में जाता था। मकान से कुछ दूरी पर अपनी बाइक खड़ी कर पैदल जाता और चोरी करने के बाद अपनी बाइक के पास 10 मिनट तक रूकता था। उसके बाद चोरी का सामान लेकर भाग जाता था।

### 10 तोला सोने का लिया गोल्ड लोन

आरोपी सूरज काछी शहर में चोरी करने के बाद पेंड्रा के संजय सोनी व कटनी के सनी सोनी को सस्ते कीमत में सोना देकर अधिक कीमत में सोने के जेवर लेकर बिल लेता था। उस बिल के सहारे उसने रायपुर के मुथुट फायनेस गोल्ड बैंक में 10 तोला सोने के जेवर गिरवी रखकर लोन लिया था। पुलिस ने दोनों सराफा व्यापारियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

### गुमराह करने कान में मोबाइल लगाता था

आरोपी इतना शातिर था कि वह कालोनी के लोगों व पुलिस को गुमराह करे के लिए जिस मकान में चोरी करता था। उस मकान में दूसरा कपड़ा पहनकर कान में मोबाइल लगाकर फर्जी बातचीत करते निकलता था।

# सीवीओ हिमांशु जैन ने संभाला एमसीएल का अतिरिक्त प्रभार

**बिलासपुर।** भारतीय रेलवे सेवा 2007 बैच के अधिकारी हिमांशु जैन ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में मुख्य सतर्कता अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है।



वर्तमान में वे एसईसीएल में सीवीओ के रूप में कार्यरत हैं तथा इससे पूर्व उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीवीओ का भी अतिरिक्त पदभार सम्हाला है । श्री जैन ने एनआईटी रायपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी में स्वर्ण पदक के साथ स्नातक तथा आईआईटी बॉम्बे से एमटेक की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने वर्ष 2007 में संघ लोक सेवा आयोग की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 9 प्राप्त कर भारतीय रेलवे सेवा में प्रवेश किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने रेलवे के महत्वपूर्ण अवसंरचना एवं सिग्नलिंग परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। इसके अतिरिक्त वे भारतीय रेल में उप-महाप्रबंधक , मुख्य जनसंपर्क अधिकारी तथा महाप्रबंधक के सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। श्री जैन को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है, जिनमें राष्ट्रीय रेलवे पुरस्कार (2016), नेशनल एकेडमी ऑफ इंडियन रेलवे का महानिदेशक पदक (2019) तथा महाप्रबंधक पुरस्कार (2012 एवं 2022) शामिल हैं। श्री जैन 'DigiCOAL' पहल के माध्यम से पारदर्शिता एवं डिजिटल निगरानी को सुदृढ़ करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं, जिसे केंद्रीय सतर्कता आयोग की राष्ट्रीय कार्यशाला में भी प्रस्तुत किया जा चुका है।

## घरेलू और पंप कनेक्शन के रजिस्ट्रेशन राशि में पांच फीसदी की छूट

**बिलासपुर।** विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित ने एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत घरेलू और पंप कनेक्शन के रजिस्ट्रेशन की राशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं को पांच फीसदी की छूट प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना पिछले माह मार्च में लांच की गई है, यह योजना उन परिवारों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जो आर्थिक तंगी के कारण बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे थे। विभागीय अफसरों के अनुसार योजना के तहत बिजली बिल के सरचार्ज में 100 फीसदी की छूट और मूल बकाया राशि में 75 फीसदी की राहत दी जा रही है। पूर्व में घरेलू और पंप कनेक्शन लेने वाले लोगों को रजिस्ट्रेशन के पास 10 फीसदी की राशि जमा करनी थी, जिसे संशोधन करने के बाद 5 फीसदी कम कर दिया गया है। योजना में उन उपभोक्ताओं को भी शामिल किया गया है, जिनकी राशि वर्ष 2023 के पहले या बाद में भुगतान नहीं की गई है। वहीं शासन के आदेशानुसार योजना में सरचार्ज को माफ भी किया जा रहा है।

## 50 से 60 किमी प्रतिघंटा हवा चलने की आशंका

# मौसम बदला, अलर्ट के बाद रात 9 बजे बरसे बदरा

**बिलासपुर।** जिले सहित प्रदेश में मौसम बदलने लगा है, अचानक बादलों की आवाजाही बढ़ी है, जिसके प्रभाव से पारे में भी 2 डिग्री का फर्क पड़ चुका है, पारा घटने से गर्मी में मामूली कमी है, लेकिन धूप निकलते ही लोगों का हाल बेहाल हो रहा है।

विभाग ने गरज-चमक का अलर्ट जारी किया है, ऐसे में गुरूवार की रात 9 बजे तेज हवाओं के बीच झमाझम बारिश दर्ज की गई। करीब 20 मिनट तक हुई बारिश के बाद पूरा शहर तरबतर हो गया, लेकिन इस दौरान बिजली की आंखमिचौली ने लोगों को फिर से परेशान कर दिया। तापमान गिरने के बावजूद उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने गरज-चमक, अंधड़ और हल्की बारिश की आशंका जताई है। मौसम के मिजाज में लगातार उलट फेर चल रहा है। आसमान पर छा रहे बादलों के चलते तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है, वहीं उमस और चिपचिपी गर्मी ने परेशानी और बढ़ा दी है। खासकर दोपहर के समय गर्मी के साथ नमी का असर इतना ज्यादा है कि लोगों को लू जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था, वहीं गुरूवार की रात 9 बजे तेज हवाओं के साथ ही बादल गरजने लगे और आसमान पर बिजली चमकने लगी। इस बीच 20 मिनट तक बारिश होती रही और शहर तरबतर हो गया। बिजली कड़कने के बाद पूरे शहर की बिजली ठप हो गई।



### सक्रिय है सिस्टम

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार कई मौसम सिस्टम एक्टिव है। उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के कारण द्रोणिका बन चुकी है। उत्तर प्रदेश के आसपास ऊपरी हवा का चक्रीय परिसंचरण बना हुआ है, इसके साथ ही हरियाणा से मणिपुर तक द्रोणिका फैली हुई है, ऐसा ही सिस्टम तेलंगाना से कोमोरिन क्षेत्र में सक्रिय है। वहीं महाराष्ट्र और कर्नाटक के ऊपर एक प्रति चक्रवाती हवाएं देखी जा रही है, जिसका प्रभाव प्रदेश में पड़ रहा है।

### बिजली बंद, लोग हलाकान

जहां तेज गर्मी पड़ रही है, वहीं तेज हवा और बारिश के साथ बिजली भी बंद हो रही है। ऐसे में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, करबला, जूना बिलासपुर और कतियापारा में शाम 5 बजे से ही बिजली की आंखमिचौली जारी रही, लेकिन रात में पानी गिरने के बाद कई इलाकों में जम्पर कटने और ट्रांसफार्मर की खराबी देखी गई। इसके चलते राजकिशोर नगर, अशोक नगर, चौबे कालोनी, नेहरू नगर, तिफरा, कश्यप कालोनी, मसानगंज जैसे इलाकों में बिजली बंद रही।






With Best Compliments : **M/S VIKAS CONSTRUCTION COMPANY** Bilaspur

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 1 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## बच्चों ने पेश किया नृत्य, श्लोक पढ़कर सुनाई कहानियां

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में चल रहे सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। इस दौरान शिविर में भाग लेने वाले बच्चों ने नृत्य, कविता, श्लोक, मंत्र, योग का प्रदर्शन किया एवं कहानियां सुनाई।



राजयोग भवन में चल रहे बाल संस्कार शिविर का समापन

सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी स्वाति दीदी ने कहा कि आज के इस चुनौतीपूर्ण दौर में बच्चों को 'प्राइस' नहीं समय दें। माता-पिता अपनी व्यस्तता के कारण बच्चों को महंगे खिलौने और गैजेट्स तो दे देते हैं, लेकिन अपना कीमती समय नहीं दे पाते हैं जबकि बच्चों के लिए माता-पिता का साथ किसी भी महंगे उपहार से बड़ा होता है। बच्चों को वस्तुओं की नहीं, बल्कि उनके प्रेम, ध्यान और समय की अपेक्षा होती है। स्वाति दीदी ने जोर देकर कहा कि बच्चे वह नहीं करते जो हम उन्हें सिखाते हैं, बल्कि वे वह करते हैं जो हमें करते हुए देखते हैं। यदि हम चाहते हैं कि बच्चे मोबाइल का कम उपयोग करें या बड़ों का सम्मान करें, तो पहले हमें स्वयं के आचरण में बदलाव लाना होगा। तुलना करने से बचे। हर बच्चा अपने आप में अद्वितीय है। दूसरों के बच्चों के साथ अपने बच्चे की तुलना करना उनके आत्मविश्वास को खत्म कर देता है। हमें उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों पर उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। संस्कारों के बीजारोपण का समय अभी है। बचपन वह समय है जब बच्चों की नींव रखी जाती है। उन्हें बचपन से ही मेडिटेशन, परोपकार और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देनी चाहिए। सकारात्मक भाषा का प्रयोग करें। बच्चों से बात करते समय 'तुमसे नहीं होगा' या 'तुम गलत हो' जैसे नकारात्मक शब्दों के बजाय 'तुम प्रयास करो' या 'तुम बहुत अच्छा कर सकते हो' जैसे शब्दों का प्रयोग करें। बीके स्वाति दीदी ने सभी माता-पिता को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया और संकल्प कराया कि वे अपने घर में शांति और प्रेम का वातावरण बनाए रखेंगे।

कार्यक्रम

## बिलासपुर की युवा कलाकारों ने मुंबई में दी कुचिपुड़ी की मनमोहक प्रस्तुति



**बिलासपुर।** सांई नृत्य निलयम बिलासपुर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केंद्र एनसीपीए में कुचिपुड़ी की मनमोहक प्रस्तुति दी। मुद्रा नृत्य महोत्सव 2026 बाल संस्करण के दूसरे दिन युवा कलाकारों ने अपने गुरु श्वेता नायर के मार्गदर्शन में कला का प्रदर्शन किया।

भारतीय शास्त्रीय विरासत के भविष्य के मशाल वाहकों को सम्मानित करने आयोजित इस महोत्सव में साई नृत्य निलयम एक उत्कृष्ट प्रतिभागी के रूप में उभरा। कुचिपुड़ी की इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने अद्भुत तालमेल के साथ इसे पेश किया। शाम का मुख्य आकर्षण शुद्ध नृत्य और अभिनय रहा। जहां युवा नर्तकों ने परिपक्वता के साथ पौराणिक कथाओं को जीवंत कर दिया।

स्पोर्ट्स

## कबड्डी प्रीमियर लीग की शुरूआत प्रदेश भर की टीमें ले रही भाग



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग सीजन 9 वां का आयोजन गुरूवार को भव्य आगाज़ किया गया। इस संबंध में चेयरमैन हेमंत यादव ने बताया की छत्तीसगढ़ प्रो कबड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग का शुभारंभ मुख्य महापौर पूजा अशोक विधानी, ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष मोहित जायसवाल, क्रीड़ा संचालक संभाग जी डी गर्ग, डॉक्टर विनोद तिवारी, पुरेंदरु भट्ट, अमित भारते, रघुवीर प्रताप सिंह व अजित भोगल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता प्रारम्भ किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आर आर बी मुंगेली विरुद्ध गोंड़वाना रेप्टार्स राजनांदगांव के मध्य खेला गया जिसमे 37-27 के मुकाबले राजनांदगाव ने जीत हासिल किया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर महिला वर्ग समिति व जिला कबड्डी संघ व नगर कबड्डी संघ बिलासपुर की मेजबानी मे आयोजित किया जा रहा है, प्रतियोगिता संजय तरण पुष्कर मुंगेली नाका चौक खेल मैदान शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट नियम से खेला जाएगा इस प्रतियोगिता में 6 टीमों के मध्य लीग कम नाक आउट से मैच खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग की शुरुआत 2017 से हुवा था जो अब तक लगातार प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग चैयरमेन भारत राज, उप चैयरमेन कौशल कश्यप, कोषाध्यक्ष नारायण यादव, सचिव मुकेश साहू व जिला कबड्डी संघ बिलासपुर अध्यक्ष जीवन मिश्रा सचिव कबड्डी संघ बिलासपुर के प्रदीप यादव, रामकुमार,ओमकार जायसवाल,महेन्द्र पटेल, आशीष मिश्रा जुटे है।

### कार्यक्रम में वक्ताओं ने वनमाली के साहित्यिक अवदान और उनके जीवन-दर्शन पर डाला प्रकाश

# वनमाली की रचनाओं में समाज का यथार्थ

साहित्यकार जगन्नाथ प्रसाद चौबे 'वनमाली' की 50वीं पुण्यतिथि पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने वनमाली के साहित्यिक अवदान और उनके जीवन-दर्शन पर प्रकाश डाला। यह आयोजन वनमाली सृजन पीठ, भाषा एवं साहित्य विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।



**बिलासपुर।** मुख्य वक्ता डॉ. देवघर महंत ने कहा कि अपने 64 वर्षों के जीवनकाल में उन्होंने साहित्य, शिक्षा और चिंतन के क्षेत्र में असाधारण कार्य किए। उनके संस्कारों और श्रेष्ठ कर्मों का ही परिणाम है कि उनके पुत्र संतोष चौबे आज वैश्विक स्तर पर हिंदी का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने वनमाली को एक शिक्षाविद, साहित्यकार और चिंतक के रूप में स्मरण किया। डॉ. महंत ने विशेष रूप से वनमाली की चर्चित कहानियों 'जिल्दसाज' (1934) और 'पराया धन' पर चर्चा करते हुए उनके कथ्य, शिल्प और सामाजिक सरोकारों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि इन कहानियों में उस समय के समाज की यथार्थपरक झलक मिलती है, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि वनमाली की अनेक उत्कृष्ट कहानियों का समुचित मूल्यांकन और शोध होना चाहिए।

### बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं वनमाली की ही सोच का यथार्थ रूपः डॉ तिवारी

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविन्द कुमार तिवारी ने कहा कि वनमाली ने अपने कार्यों की शुरुआत शिक्षा के दान से की और उस समय भी नारी शिक्षा को अत्यंत आवश्यक माना। आज बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का रूप उनकी ही सोच का यथार्थ रूप है। उन्होंने बताया कि जांजगीर की बहुउद्देशीय शाला में वनमाली को संस्थापक प्राचार्य के रूप में जाना जाता है। वनमाली सृजन पीठ के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रतिष्ठित साहित्यकारों के अनुभवों से नवोदित साहित्यकार सीख सकें और अपनी सृजनात्मक यात्रा को नई दिशा दे सकें। डॉ वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि उनकी प्रथम कर्मभूमि बिलासपुर रही, जहां से उन्होंने अपने साहित्यिक जीवन की मजबूत नींव रखी। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कर-कमलों से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वनमाली के पुत्र संतोष चौबे के योगदान का भी उल्लेख किया गया। उन्होंने हिंदी साहित्य को न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान दिलाई है । कार्यक्रम का संचालन डॉ आंचल श्रीवास्तव ने किया और योगेश मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। अंत में सभी विद्वानों उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविन्द कुमार तिवारी, डॉ देवधर महंत, डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, योगेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

## व्यापारिक संकट की रणनीति विभिन्न नीतियां पर चर्चा



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ललित प्रकाश पटेरिया के निर्देशन पर वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के अंतर्गत लोकप्रिय व्याख्यान माला श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विश्लेषण विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान माला का शुभारंभ विभाग में कुलपति के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रो रेखा आचार्य एवं संकायाध्यक्ष व कार्यपरिषद् सदस्य, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर मुख्य वक्ता एवं डॉ अतुल दुबे विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ सुमोना भट्टाचार्य, सह प्राध्यापक, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग एवं आभार प्रदर्शन डॉ पूजा पाण्डेय, सह प्राध्यापक, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग द्वारा किया गया। विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे व्यापारिक संकटों पर उनकी रणनीति, विभिन्न नीतियां,अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ नीति के कारण होने वाले प्रभावों पर चर्चा की और वर्तमान संदर्भ में भारत देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परन्तु भारत देश की कूटनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति महत्वपूर्ण व सुव्यवस्थित होने के कारण कृषकों का अति लघु उद्योग एवं लघु उद्योग पर अनुकूल प्रभाव के लिए प्रभावी रणनीति पर काम कर रहा है। इस अवसर पर आदित्य प्रताप सिंह,डॉ महेन्द्र मेहता, खेमेन्द्र देवांगन सहित विभाग के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बच्चों को सिखाया जा रहा गुरुमुखी लिखना, पढ़ना

### गुरुद्वारा दयालबंद में चल रहा गुरमत कैंप



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में गुरमत कैंप 2026 का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर एवं आसपास के 250 बच्चे भाग लेकर गुरुमुखी लिखना, पढ़ना सिख रहे हैं । शबद, कीर्तन, जपजी साहिब के पाठ का शुद्ध उच्चारण भी सिखाया जा रहा है। सिख विरासत के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

कैंप में बताया जा रहा है कि गुरुजी ने सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना है, तो बच्चों को सेवा करना, अपने बड़ों का सम्मान करना आदि सामाजिक शिक्षा भी दी जा रही है। अनुशासन, आत्म विश्वास, अच्छे इंसान बनने की शिक्षा, सिख संस्कृति और परंपरा के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। गतका, तबला सहित अन्य वाद्य यंत्र बजाने सिखाए जा रहे हैं। बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी इस कैंप में भाग ले रहे हैं। बड़ों के लिए भी रात सवा 8 से सवा 9 बजे तक क्लासेस लगाई जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में बड़े भी गुरमत ज्ञान की जानकारी ले रहे हैं।

**इनका मिल रहा सहयोग**

गुरमत कैंप में संदीप कौर, रीटा कौर, रश्मीत कौर, जसमीत सवन्नी, परमजीत कौर कथूर, सतनाम कौर, मीत कौर गंभीर, दलजीत कौर, अरविंदर कौर, जसबीर कौर, ललजीत कौर दविंदर कौर, रवनीत कौर, हरदीप कौर, हरजीत सिंह, गुरजीत कौर, गुरप्रीत सिंह गुरुदत्ता, रमनदीप सिंह, अमनदीप सिंह होरा, गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी ज्ञानी मान सिंह, राहुल राउरकेला, सरदार चरणजीत सिंह का सहयोग मिल रहा है।

## गजलक्ष्मी स्वरूप में मां की आराधना,कुमकुम पूजा आज



**बिलासपुर।** बराखोली स्थित बंगला यार्ड स्टेशन रोड में आयोजित श्री श्री सोलापुरी माता पूजा महोत्सव के सातवें दिन माँ का दिव्य स्वरूप गजलक्ष्मी के रूप में स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। माँ गजलक्ष्मी, देवी महालक्ष्मी का एक प्रमुख रूप हैं, जो धन, समृद्धि, उर्वरता और वैभव की प्रतीक मानी जाती हैं।

खड़गपुर से आए पंडित पार्थ सारथी, उनके सहयोगी और बाल पुजारियों द्वारा पूजा अर्चना और महाआरती की गई।प्रसिद्ध राधा कृष्णा रास लीला, हेमंत झांकी ग्रुप के द्वारा अद्भुत प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद के रूप में वेज पुलाव का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कुमकुम पूजा का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 8:30 बजे से किया जाएगा। इस पूजा में सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना से विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करती हैं। पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है और पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। समिति के सचिव एस साई भास्कर , बी शंकर राव,एल श्रीनिवास राव, डीवासु, आर रवि शंकर,डी गणेश, जे गोविंद, टी दिवाकर, इअप्पा राव,टी गिरधर राव, के रवि तेजा, जी लोकेश राव, डॉ एम एस राजू, डी प्रसाद राव, के मुरली सुरी, पी नरेश, पी तुशाल, प्रवीण राव मौजूद रहे।



## तैराकों का किया गया सम्मान

**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक रीजिनल मैनेजर द्वारा राष्ट्रीय स्तर के तैराकी प्रतिभाओ का सम्मान गुरूवार को एसबीआई के रीजनल मेनेजर दीपक शेखर प्रेम द्वारा राष्ट्रीय स्तर के तैराकों को बच्चों को उपहार प्रदान कर सम्मान प्रदान किया। रीजनल मैनेजर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्टेट बैंक हमेशा से प्रतिभावान को सम्मान करता है, यहाँ का स्वीमिंग पुल राष्ट्रीय स्तर का है, तैराको ने बिलासपुर का नाम रोशन किया है। स्वीमिंग पुल के कोच राजेश साहु, देवेन्द्र सिंह, गोपाल यादव द्वारा बच्चों प्रशिक्षित किया गया है। इस कार्यक्रम में बृजेश गुप्ता, चीफ मैनेजर योगेश तिवारी,शरद तिवारी विशेष से उपस्थित थे। तैराको में आराध्या साव,अविनाश, शादत सहित अन्य प्राईज ग्रहण किया।




## नरसिंह प्राकट्य उत्सव पर महाआरती, स्तोत्र पाठ

**बिलासपुर।** श्री वेंकटेश मंदिर सदर बाजार में ब्रह्मोत्सव 2026 का आयोजन किया गया है। इसके पहले दिन गुरुवार को नरसिंह चतुर्दशी मनाई गई। शाम 6 से 7 तक बजे भगवान नरसिंह का प्राकट्य उत्सव, महाआरती, स्तोत्र पाठ कर प्रसाद का वितरण किया गया।



श्री वेंकटेश सेवादार समिति बिलासपुर द्वारा आयोजित इस उत्सव के उपलक्ष्य में शाम 4 से 6 बजे तक मानस प्रवचन, शाम 7 से 9 बजे भजन संध्या का आयोजन रहा। मानस प्रवचन में कथा व्यास पं. नरेंद्र कुमार शुक्ला ने मानस में संत महिमा विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि रामचरित मानस में संतों की महिमा अजुलनीय है। उन्हें चलता-फिरता तीर्थ माना गया है। वे सात्विक, दयालु, कल्याणकारी व ईश्वर के समान प्रिय होते हैं। संत भगवान की भक्ति में दृढ़ विश्वास रखते हैं। संतों की संगति व सेवा से ही व्यक्ति के हृदय में ईश्वर के प्रति प्रेम जागृत होता है। जिससे आत्मिक शांति व ज्ञान की प्राप्ति होती है। मानस प्रवचन 4 मई तक प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक चलेगी।

**आज होंगे दीक्षा संस्कारः** 1 मई शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा पर प्रातः साढ़े 8 बजे भगवान का दुग्ध, दही, घृत, मधु, शर्करा आदि से महाअभिषेक किया जाएगा। दीक्षा संस्कार प्रातः 9 से 10 बजे कराए जाएंगे। प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक भजन कीर्तन होगा। मध्याह्न 12 बजे भगवान की महाआरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 4 से 6 बजे तक मानस प्रवचन होगा। 2 मई शनिवार को प्रातः साढ़े 8 बजे भगवान का महाअभिषेक कर प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे भजन कीर्तन, मध्याह्न 12 बजे भगवान की महाआरती की जाएगी। अंत में प्रसाद वितरण होगा।

## वर्षवरण कार्यक्रम में नृत्य, संगीत की प्रस्तुति, बंग साहित्य सम्मेलन का आयोजन

**कार्नर न्यूज**

निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन बिलासपुर शाखा द्वारा बांग्ला नववर्ष के उपलक्ष्य में वर्षवरण का आयोजन हेमूनगर स्थित रामकृष्ण मंदिर के सभा भवन में किया गया। इसमें समाज के लोगों ने नृत्य, एकल व समूह संगीत की प्रस्तुति दी एवं कविता पाठ कर सेक्सोफोन वादन किया।




**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष अजय गांगुली एवं उपाध्यक्षों ने दीप प्रज्वलित व संस्थागत संगीत मोदेर गरोब मोदेर आशा...की प्रस्तुति के साथ किया। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि बंग साहित्य सम्मेलन की यह शाखा बांग्ला भाषा, साहित्य व संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से जो कार्य कर रहा है, उससे देश में इनका नाम उज्जवल हुआ है। सदस्यों ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अरूप बैरागी, मुनमुन सी, भक्तिमय चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ सोमा लाहिड़ी मल्लिक एवं सहसचिव श्रावणी दत्त ने किया।

### कोरस संगीत ने बांधा समां

बांग्ला नववर्ष जिसे पोइला बोइसाख भी कहते हैं, के उपलक्ष्य में दो कोरस संगीत बोइसाख मासे आइसो बंधु एवं कल-कल छलछल नदी करे टलमल की प्रस्तुति हुई। एकल एवं कोरस संगीत की प्रस्तुति निहार रंजन मल्लिक, अचिन्त्य कुमार बोस, तुहीन चटर्जी, मौमिता चक्रवर्ती, श्रावणी दत्त, उमा दास, श्रुति दत्त, रेबा चौधरी, असित बरन दास, देवाशीष सरकार, रीता राय, मल्लिका सरकार, डॉ सोमा, अर्पण बैरागी, सुजीत, चंदना मित्रा, अनिता गोलदार, बीथिका मंडल, रुपा राहा, मीरा हालदार एवं मौमिता डे ने दी। तबला वादन जय डे ने किया। आधुनिक नृत्य, संगीत की प्रस्तुति अर्निमा पाल, धारणा, टीशा सी ने दी। कविता पाठ अशोक कुण्डू, असित, डॉ सोमा एवं राजा दास गुप्ता ने किया। सेक्सोफोन पर संगीत की प्रस्तुति डॉ सुदीप्त दत्त ने दी।


बेलतरा विधानसभा के यशस्वी एवं युवा विधायक
श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्म दिवस की अशेष शुभेच्छा...
विवेक सैनी
रमेश पटेल
पार्षद वार्ड क्र.13
निर्मल मंडल
रितेश दुबे
मुकेश साहू
सौजन्य : दीनदयाल नगर मंगला, वार्ड क्रमांक 13, बिलासपुर, मो. 98271 05271


"मेरे जीवन का मंत्र
सेवा और सहयोग"
बेलतरा के यशस्वी एवं युवा विधायक
श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
ShubhGraphics@BSP
विवेक सैनी भाजपा कार्यकर्ता
सौजन्य : मां लक्ष्मी प्रापर्टीज़, बिलासपुर
मो. 98271 05271

## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टैक में किसान पंजीयन अनिवार्य

**मुंगेली।** किसानों के हित में डिजिटल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए एग्रीस्टैक में किसान पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जिले में किसान पंजीयन का कार्य ग्राम स्तर पर लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। यह कार्य राजस्व एवं कृषि विभाग के समन्वय से संचालित हो रहा है। परियोजना के तहत प्रत्येक कृषक का फार्मर लैंड आईडी एवं फार्मर आईडी तैयार किया जा रहा है, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सके। जिन किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन नहीं होगा, उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि, धान विक्रय, खाद-बीज वितरण सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## निधन

### राजेन्द्र दत्त शुक्ला



**बिलासपुर।** गनियारी निवासी पटवारी राजेन्द्र दत्त शुक्ला का निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गनियारी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. मालिकराम शुक्ला के पुत्र, अंकित शुक्ला के पिता थे।

### सरोज बाजपेयी



**बिलासपुर।** नेहरू नगर निवासी सरोज बाजपेयी का 30 अप्रैल को निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिमेष बाजपेयी, अखिलेश बाजपेयी की मां एवं राजुल, अक्षत बाजपेयी की दादी थीं।

### कन्हैया लाल आडवानी



**बिलासपुर।** निराला नगर पुराना बस स्टैंड निवासी कन्हैया लाल आडवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदलाल और प्रीतम के पिता, तीरथ दास, मनोहर लाल , भरत आडवाणी के भाई थे।

### संदीप विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** फ़जल बाड़ा निवासी संदीप विश्वकर्मा पिता स्व. दयाराम विश्वकर्मा का 29 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे सुभाष विश्वकर्मा के भाई एवं बालचंद विश्वकर्मा के भतीजे थे।

### नरेन्द्र बसाक



**बिलासपुर।** दयालबंद भातखंडे संगीत विद्यालय गली निवासी अधिवक्ता नरेन्द्र बसाक का 30 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। ध्रुव बसाक के भाई, सृष्टि एवं निलेश के पिता थे।

### शकुंतला पटनायक



**बिलासपुर।** सुमंगलम अपार्टमेंट, पेस 2, लिंक रोड निवासी शकुंतला पटनायक का 30 अप्रैल गुरुवार को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 1 मई को दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुरेंद्र पटनायक एवं महेंद्र कुमार पटनायक की माता एवं मंगला पटनायक की सास, मेधा एवं मोहित की दादी थीं।

### गणेश यादव



**बिलासपुर।** उदईचौक कतियापारा निवासी गणेश पिता स्वर्गीय जसराम यादव का 30 अप्रैल को निधन हो गया। वे 69 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 1 मई को दोपहर 12.30 बजे दयालबंद मधुबन के लिए निकलेगी।

## मुंगेली जिले के मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

# आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे सफल विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज >> मुंगेली



टॉपर विद्यार्थियों से मुलाकात करते कलेक्टर एवं सीईओ।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में मुंगेली जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जिले के मेधावी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं के परिणाम में लोरमी के छात्र अंशुल शर्मा ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं जिला मुख्यालय के विवेकानंद वार्ड की छात्रा नंदिता देवांगन ने 98.83 प्रतिशत, चकरभाठा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कुमारी हेमा ने 97.83 प्रतिशत और लोरमी के चैतूराम साहू ने कक्षा 12वीं में 96.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले का मान बढ़ाया। जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने इन सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष मुंगेली जिले के विद्यार्थियों ने प्रदेश के टॉप-10 में स्थान बनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संचालित "90 प्लस शिक्षा गुणवत्ता अभियान" को देते हुए कहा कि जिले के 74 स्कूलों को चिन्हित कर विशेष रूप से मोटिवेशन और गुणवत्ता सुधार पर कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि सफल विद्यार्थी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे और "प्रेरणा से परिवर्तन" की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। भविष्य में शिक्षा में तकनीकी नवाचारों को जोड़ते हुए विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि वे डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना सकें। कलेक्टर ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत "90 प्लस परीक्षा परिणाम कार्यक्रम" चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिले के मेधावी विद्यार्थी अपने परिजनों के साथ जिला कलेक्टोरेट पहुंचे और अपनी सफलता साझा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले मुंगेली जिले को शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा माना जाता था, लेकिन अब विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के प्रयासों से यह धारणा बदल रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की नियमित समीक्षा, एबीसीडी ग्रेडिंग, इंटरनल वेरिफिकेशन और युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की प्रभावी तैनाती जैसे कदमों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और उन्होंने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बच्चों को संस्कारवान भी बनाता है सशिमं



**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडाराकापा में वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम आयोजित हुआ।

उपस्थित अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य कामता प्रसाद साहू के द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त व्याख्याता शा.उ.मा.वि. करही राजेन्द्र दुबे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त प्राचार्य शा.कन्या उ.मा.वि. मुंगेली वी.के. वैष्णव अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं श्रीफल से किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया। भैया/बहनों को आशीर्वचन देते हुए मुख्य अतिथि राजेन्द्र दुबे ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल पढ़ाई के क्षेत्र में नहीं संस्कारवान भी बनाता है। विद्यालय के व्यवस्थापक मिहालाल शिवनाणी एवं सह व्यवस्थापक अभय चोपड़ा ने बहिन नंदिता देवांगन को पुरस्कृत किया। सरस्वती शिशु मंदिर बड़ा बाजार तथा पेण्डाराकापा विद्यालय का कक्षा प्रथम से अश्टम तक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दशम में प्रथम स्थान बहिन नंदिता देवांगन 98.83, द्वितीय स्थान भैया आदर्श तिवारी 95.67, तृतीय स्थान बहिन मीनाक्षी पात्रे 95.50 तथा कक्षा द्वादश में प्रथम स्थान भैया गौरव कुमार साहू 89.4, द्वितीय स्थान बहिन लक्ष्मी वर्षा पुरबिया 88.4, तृतीय स्थान बहिन ज्योति छत्रवाणी 88.2 रहा। विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा, कोषाध्यक्ष जेठमल कोटडिया, उपाध्यक्ष पं. दीनानाथ उपाध्याय समिति के सदस्य विरेन्द्र मिश्रा, मुकेश उपाध्याय, महावीर जैन, अशोक तिवारी,



## केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने किया अंशुल का सम्मान

**लोरमी।** दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू अंशुल शर्मा के घर पहुंचे एवं अंशुल को उनकी पसंदीदा मिठाई सोन पापड़ी खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

## अर्पिता को मिले 89.2 प्रतिशत अंक



**मुंगेली।** अर्पिता तंबोली पिता दिनेश कुमार तंबोली माता पूर्णिमा तंबोली शारदा चौक पथरिया 12वीं विज्ञान में स्वामी आत्मानंद स्कूल पथरिया 89.2 प्रतिशत उत्तीर्ण होकर अपने गुरुजनों और परिवार को गौरवान्वित किए।

## आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



मुंगेली पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा का '90 प्लस' मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक अर्जित किया है। अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं का 95 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 10 वीं से डाली साहू 92.83 प्रतिशत अंकों के साथ शाला में प्रथम, डार्विन राज 90.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में श्वेता लहरे 90.20 प्रतिशत के साथ प्रथम, आयुषी उपाध्याय 87.80 के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार हिन्दी माध्यम कक्षा 10वीं का परिणाम 89 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रज्ञा कश्यप 95.33 प्रतिशत के साथ प्रथम, लक्ष्मण 92.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं का परिणाम 99 प्रतिशत रहा, जिसमे प्रथम अनामिका 88.20 प्रतिशत एवं संतोषी भास्कर 87.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे।

## शिशु मंदिर बरेला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**जरहागांव।** ग्राम शिक्षा समिति द्वारा संचालित संस्था सरस्वती शिशु मंदिर बरेला में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल, राकेश बैस, संजय निर्मलकर, उपाध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर, मुकेश पटेल, पदमन क्षत्री, किशन पांडे, भगेला धुरी, बलराम धुरी तथा विद्यालय के प्राचार्य विनोद पटेल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम की औपचारिक घोषणा की, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए।

इस प्रकार रहा स्कूल का परीक्षा परिणाम- कक्षा अरुण में तनवी निर्मलकर 99 प्रतिशत प्रथम, दुबे 98 प्रतिशत द्वितीय व चेतना पटेल 97 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा उदय में ऋषभ पटेल 99 प्रतिशत प्रथम, सोनाक्षी पटेल 98 प्रतिशत द्वितीय, मयंक धुरी 97 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा पहली में चंद्रेश पटेल 98 प्रतिशत पहले, ओमीषा पाली 97 प्रतिशत दूसरे, पूजा धुरी 96 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहे एवं कक्षा दूसरी में हर्ष धुरी 94 प्रतिशत एवं मोहन साहू 94 प्रतिशत ने कक्षा में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं आदित्य पटेल 93 प्रतिशत द्वितीय व विधान पटेल 91 प्रतिशत ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा तीसरी में दिव्या श्रीवास्तव 93 प्रतिशत प्रथम, जियांश देवांगन 90 प्रतिशत द्वितीय, हर्षिता साहू 89 प्रतिशत तृतीय, कक्षा चौथी में हर्ष धुरी एवं प्रयाग प्रजापति 93 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से प्रथम रहे एवं अर्शिया परवीन 92 93 प्रतिशत द्वितीय, गतिक ध्रुवंशी 89 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठवीं में तरुण धुरी 96 प्रतिशत ने पहला, लक्ष्य पटेल एवं नैंसी प्रजापति 93 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्रापत किया। सातवीं में दीपांजलि पटेल 90 प्रतिशत प्रथम, गजानंद धुरी 89 प्रतिशत द्वितीय, गीतांजलि धुरी 88 प्रतिशत तृतीय, कक्षा नवमीं में हर्षिता धुरी 96 प्रतिशत प्रथम, पायल धुरी 95 प्रतिशत द्वितीय व निक्की राजपूत 87 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## क्षेत्र के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में दिखाई प्रतिभा



**भरींडांड़।** मरवाही विकास खंड के सेजेस स्कूल भरींडांड़ में कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दीपक कैवर्त 82 प्रतिशत, काजल 82 प्रतिशत, कामनी सिंह धुर्वे 76.5 प्रतिशत व श्रुति कुजूर ने प्रतिशत अंक प्राप्त किए। **12वीं के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन-** स्वामी आत्मानंद विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार व विद्यालय का भी नाम रोशन किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रचार्या कालिका ठाकुर ने कहा कि, आशा है ये होनहार बालिकायें जिले के साथ प्रदेश में भी करेंगी। प्रगति कंवर ने 89.8 प्रतिशत, नीतू ने 83.6 प्रतिशत व दामिनी रजक ने 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## प्राथमिक शाला बिल्हा का परीक्षा परिणाम घोषित



**बिल्हा।** जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा, संकुल केंद्र कन्या बिल्हा में आज 30 अप्रैल को कक्षा पहली से चौथी तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषणा एवं प्रगति पत्र वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे एवं सभापति, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहन ढोरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के खिताब देते हुए मोमेंटो प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक कक्षा से सर्वाधिक उपस्थिति वाले एक-एक विद्यार्थी को 'हाईएस्ट अटेंडेंस अवार्ड' के रूप में मोमेंटो प्रदान दिया गया। वंदना जेन्ड्रे ने कहा कि, शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि एक व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा भी जरूरी है। हमें एक अच्छा इंसान बनकर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करना है। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहन ढोरिया ने बच्चों को निरंतर परिश्रम करने की सीख दी। वार्षिक परीक्षा परिणाम की आधिकारिक घोषणा प्रधान पाठक साधराम मरकाम ने की। कार्यक्रम का संचालन कलेश्वर साहू व आभार प्रदर्शन नीलम सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पुनीराम साहू, श्वेता केशरी, पालक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आत्मानंद स्कूल सकरी ने रचा उत्कृष्टता का कीर्तिमान

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी विद्यालय सकरी का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय, बल्कि समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं हिंदी माध्यम में विज्ञान संकाय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 88.89 प्रतिशत व कला संकाय का परीक्षा परिणाम 90.72 प्रतिशत रहा।

इस तरह कक्षा 12वीं हिंदी में प्रथम स्थान प्रियेश यादव वाणिज्य 90.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अंकिता साहू विज्ञान संकाय 85.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान साक्षी कौशिक विज्ञान संकाय 84 प्रतिशत व चतुर्थ स्थान मीनाक्षी साहू विज्ञान संकाय 83.80 प्रतिशत ने प्राप्त किया। वहीं 10वीं हिंदी माध्यम का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। कुल 90 विद्यार्थियों में से 43 प्रथम श्रेणी, 34 द्वितीय श्रेणी व 4 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम का परिणाम शत प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का सशक्त उदाहरण है। कुल 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 34 प्रथम श्रेणी एवं 5 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम सौम्या पांडेय 87.83 प्रतिशत, द्वितीय गौतम साहू 87 प्रतिशत व तृतीय स्थान श्रेया बंजारा 84.66 प्रतिशत ने हासिल किया। इसी तरह कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। कुल 29 विद्यार्थियों में से 25 प्रथम श्रेणी एवं 4 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम स्थान काम्या साहू 87 प्रतिशत, द्वितीय केशव साहू 86.6 प्रतिशत व तृतीय स्थान क्षितिज बंजारे 86 प्रतिशत ने हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ संध्या तिवारी ने कहा कि, यह अभूतपूर्व सफलता विद्यार्थियों की सतत प्रयास, शिक्षकों की मेहनत प्रतिबद्धता, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों एवं आत्मनिर्भरता का निर्माण करना है।

## प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जगह बनाने पर माही का सम्मान



**सीपत।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल सीपत में गुरुवार को स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी का माहौल बन गया। कक्षा 10वीं की टॉप-टेन सूची में 9वां स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन करने वाली छात्रा माही कश्यप का सम्मान किया गया। माही को उनकी माता विद्या कश्यप व पिता गोविंद कश्यप के साथ शाला परिवार व अतिथियों ने बुके, मोमेंटो एवं फूलमालाओं से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, एमएसडीसी अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता, गीता साहू, मस्तूरी बीईओ शिवराम टंडन, शैक्षिक संकुल समन्वयक श्रीकांत श्रीवास, प्रमोद कुमार पांडेय व प्रमोद मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सरिता यादव ने की, जबकि संचालन व्याख्याता संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर बीईओ शिवराम टंडन ने छात्रा को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2 हजार रुपए नगद प्रदान करते हुए कहा कि, माही कश्यप ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है, ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना जरूरी है। प्राचार्या सरिता यादव ने कहा कि, विद्यालय में अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों की मेहनत का यह परिणाम है।

*तखतपुर। भगवान श्री परशुराम जी भगवान के जन्मोत्सव पर छत्तीसगढ़ ब्राह्मण विकास परिषद तखतपुर की ओर से 1 मई को शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शिव भगवान मंदिर कैलाश नगर वार्ड क्रमांक 2 तखतपुर से प्रारंभ होकर गुरु तेग बहादुर वाटिका वार्ड क्रमांक 12 में मंचीय कार्यक्रम के पश्चात संपन्न होगी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/कार्यालय/रा.नि./क्यू./20.....
कोनी/दिनांक....../.../20.

1. आवेदक माधुरी सिंह 2.सरपंच ग्राम पंचायत भरारी 3. सचिव ग्राम पंचायत भरारी 4. संबंधित पंचगण 5. कोटवार ग्राम पंचायत भरारी 6. संबंधित पक्षकार

विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बावत सूचना पत्र।

उपरोक्त विष्यान्तर्गत लेख है कि ग्राम भरारी प.ह.न. 19 राजस्व निरीक्षक मंडल-कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नंबर 205/1, 205/2, 205/3, 205/4, 206/1, 206/2 रकबा क्रमशः कुल रकबा 1.583 हे. के सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04/05/20 को समय 11.00 से 5.00 बजे किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात् की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-कोनी**
**तहसील बिलासपुर**

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**
**नोटिस**

क्रमांक / / सदस्य/वा.-2/ रा.मं./2026
बिलासपुर, दिनांक : 2026
पुनरीक्षण प्र.क्र.
आर.एन./02/आर./अ-23/302/2018
पेशी दिनांक 08.06.2026
तेजभान सिंह...... पुनरीक्षणकर्ता
विरूद्ध
मो. याकूब वगैरह.... अनावेदकगण

प्रति, 1. मोहम्मद ताहिर आ. स्व. मो. याकुब निवासी- दुर्गेश टॉकी के सामने गौरेला तह. गौरेला जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 2. शैलेन्द्र नाथ आ. ए.सी. नाथ निवासी- ज्योतिपुर तह. पेण्ड्रारोड जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 3. मृदुला मिश्रा आ. अशोक मिश्रा निवासी ग्राम सरस्वती नगर गौरेला, तह. गौरेला जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 4. नेहा खत्री पति दीपक खत्री निवासी- आजाद चौक गोरखपुर तह. जबलपुर जिला जबलपुर (म.प्र.) 5. प्रशान्त कुमार गुप्ता पिता भगवान दास गुप्ता निवासी- पुरानी बस्ती पेण्ड्रा तह. पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 6. रामप्यारी राठौर पति रवि सिंह राठौर निवासी ग्राम बचरवार तहसील पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) 7. सविता तिवारी उदय प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम खोड़री तह. पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) 8. सौरभ जायसवाल आ. आनंद जायसवाल निवासी वार्ड क्र. 18 मरवाही, तहसील मरवाही जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) 9. रिंकी शर्मा पति सुधीर शर्मा निवासी- गौरेला पो.आ. पेण्ड्रारोड, तह. पेण्ड्रा जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता तेजभान सिंह आ. दयाल सिंह निवासी ग्राम टिकरकला तहसील पेण्ड्रारोड, जिला बिलासपुर वर्तमान जिला गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय सदस्य, राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़ बिलासपुर में पु.प्र.क्र. आर.एन./02/अ-23/302/2018 पक्षकारः तेजभान सिंह विरूद्ध मो. याकुब वगैरह, अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के पारित आदेश दिनांक 24.06.2017 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है। जिसकी पेशी दिनांक 08.06.2026 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी दिनांक 08.06.2026 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अथवा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होंवे।

दिनांक 21.04.2026
(मा. सदस्य महो. द्वारा आदेशित)

**अधीक्षक**
**राजस्व मण्डल**
**छत्तीसगढ़ बिलासपुर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र तिफरा बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी.I-06, (अवंतिका) आबंटी संयुक्त नाम 01 श्रीमती तनुजा बिरथरे 02 श्री राहुल बिरथरे 03 श्री ओम प्रकाश बिरथरे, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 14.07.2010 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत आबंटी द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड करने हेतु दिनांक 29.08.2024 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के फ्री-होल्ड संपरिवर्तन के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद मे कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में फ्री-होल्ड / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग )**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री राज साधवानी उम्र 41 वर्ष पिता श्री श्यामलाल साधवानी निवासी बंगालीपारा, नया सरकण्डा, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आमसूचना प्रकाशित करता हूँ। मेरा पक्षकार श्री राज साधवानी (क्रेता) के द्वारा श्री मनोज कुमार पंडा (विक्रेता) उम्र 45 वर्ष पिता श्री सनातन पंडा निवासी मकान नं. 206, वार्ड क्र. 28 अम्बा टॉवर फेस-1, एल-6, विद्या नगर, बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के हक स्वामित्व, कब्जे की परिवर्तित भूमि मौजा जूना बिलासपुर अन्तर्गत विनोबानगर एल-6 प.ह.नं. 22/34 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित जिसका शीट नं. 23, भू-खण्ड क्र. 142 खसरा नंबर 767/7 रकबा 1250 वर्गफीट जिसकी चौहद्दी उत्तर में मंगेशकर का मकान दक्षिण में 25 फीट निस्तारी रास्ता, पूर्व में डॉ. विक्रांत घोरे की भूमि पश्चिम में दूबे जी की भूमि है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि विक्रेता को अदा किया गया है जिसकी निकट भविष्य में रजिस्ट्री करायी जावेगी।

उक्त क्रय-विक्रय से जिस किसी व्यक्ति संस्था बैंक निकाय शासकीय/अर्धशासकीय संस्था आदि को आपित्त हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे पते पर मय समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गयी आपत्ति अमान्य की जावेगी।

सो सूचना जाने। दिनांक : 30/4/26

**भवदीय**
**शिवनाथ श्रीवास**
**अधिवक्ता / नोटरी राजकिशोरनगर**
**बिलासपुर मो.नं. 9827115359**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास झल्फा (बिल्हा), बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक 63, मूल आबंटी श्रीमती अरुण बाई यादव पति श्री शिव कुमार, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित्त भवन का विकय विलेख दिनांक 28.05.2015 को पंजीकृत किया गया है। मूल आबंटी उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती रेखा चौधरी पति श्री सुख चरण चौधरी, को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं सीमा तिर्की पिता बेचन सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम नेवारी बहरा पोस्ट केंदा थाना बेलगहना विकास खंड कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1.यह कि मेरे आधार कार्ड क्र.923089 623936 में मेरा नाम सीम्स कुमारी पिता बेंचन सिंह त्रुटिवश दर्ज हो गया है, जो कि गलत है जबकी मेरा नाम सीमा तिर्की है जो की मेरे अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजो में दर्ज है जो की सही एवं सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश दर्ज नाम सीम्स कुमारी के स्थान पर आज दिनांक से सीमा तिर्की के नाम से जाना पेहचाना लिखा एवं संबोधित किया जावेगा जिस पर मुझे एवं मेरे परिवार के सभी सदस्यों की पुर्ण सहमती है। एवं मै स्वेच्छानुसार उक्त नाम परिवर्तन कर रही हूं।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम सीम्स कुमारी के स्थान पर सीमा तिर्की संसोधन कर दर्ज किया जावे।
4. यह की यह शपथपत्र उपरोक्त कथन समर्थन में नाम संशोधन बाबत निष्पादित की हूं।

**सीमा तिर्की**
**शपथकर्ती**

मैं सीमा तिर्की उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 3 तक लिखी गई बातें सत्य व सही हैं, जिसे दिनांक 29/04/2026 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

**सीमा तिर्की**
**शपथकर्ती**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति लक्ष्मी गुप्ता श्री शरद कुमार गुप्ता निवासी देवनंदन नगर फेस 1 चांटीडीह तहसील व जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम देवनंदन नगर चांटीडीह प.ह.नं.33 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 136/45 रकबा 0.0220 हे. एकड़/वर्गफुट पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार श्री/श्रीमती रोहित मनोहर देवांगन पिता श्री विजय कुमार देवांगन निवासी सरकण्डा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान किये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अरतु सूचना जानें। दिनांक : 01/05/26

**राममनोहर दुबे**
**अधिवक्ता नोटरी**
**स्टेट बैंक के सामने, सरकण्डा**
**बिलासपुर मो. 700945306**

**न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रा जिला-गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ0ग0)**
**// ईश्तहार/ //**

202604280800062/5-121
रा.प्र.क्र........./.........../
ग्राम-पेंड्रा

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं हितबद्ध पक्षकार आवेदक विष्णु अग्रवाल आ.हरिलाल अग्रवाल निवासी पेण्ड्रा तहसील-पेण्ड्रा जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय में लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के प्रमाण पत्र हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 6/05/2026 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, समयः बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/04/26 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा सील सहित जारी किया गया।

**तहसीलदार, पेण्ड्रा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेसर्स लक्ष्मी आवास जो की छत्तीसगढ़ एतद्वारा भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा 58(1) तहत रजिस्टर्ड है। जिसका क्रमांक 222202 276494 जिसमे 1. महेश कुमार सोनी आत्मज स्वर्गीय श्री लक्ष्मीप्रसाद सोनी निवासी लक्ष्मी स्टील भंडार सदर बाजार बिलासपुर 2. विशाल सराफ आत्मज श्री महेश कुमार सोनी निवासी लक्ष्मी स्टील भंडार सदर बाजार बिलासपुर 3. उमा सराफ पति श्री विशाल सराफ निवासी लक्ष्मी स्टील भंडार सदर बाजार बिलासपुर 4. विकास कुमार सराफ आत्मज श्री महेश कुमार सोनी निवासी लक्ष्मी ज्वेलर्स गोल बाजार बिलासपुर 5. रजनी सराफ पति श्री विकास कुमार सराफ, निवासी लक्ष्मी ज्वेलर्स गोल बाजार बिलासपुर पार्टनर थे। दिनांक 20/04/2026 को 1. महेश कुमार सोनी आत्मज स्वर्गीय श्री लक्ष्मीप्रसाद सोनी 2. विशाल सराफ आत्मज श्री महेश कुमार सोनी 3. उमा सराफ पति श्री विशाल सराफ सभी निवासी लक्ष्मी स्टील भंडार सदर बाजार बिलासपुर को उक्त फर्म में से सर्वसहमति से हिस्सेदारी एवं अनुपात से मुक्त कर दिया गया है। उक्त दिनांक से रजनी सराफ पति श्री विकास कुमार सराफ, निवासी लक्ष्मी ज्वेलर्स गोल बाजार बिलासपुर को फर्म में सर्वसहमति से पार्टनर बनाया जाता है। उक्त दिनांक के पश्चात 1. महेश कुमार सोनी आत्मज स्वर्गीय श्री लक्ष्मीप्रसाद सोनी 2. विशाल सराफ आत्मज श्री महेश कुमार सोनी 3. उमा सराफ पति श्री विशाल सराफ सभी निवासी लक्ष्मी स्टील भंडार सदर बाजार बिलासपुर को मेसर्स लक्ष्मी आवास फर्म में किसी भी प्रकार की कोई हिस्सेदारी एवं भविष्य में उनकी कोई जवाबदारी नही होगी।

सो सूचना जाने।
वास्ते लक्ष्मी आवास पार्टनर, बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक: 30.04.2026
अंकिता शुक्ला (अधिवक्ता) महाकालेश्वर प्रिंट्स, मासानगंज बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


जीवेत शरदः शतम्
आरदणीय भैय्या
सुशांत शुक्ला जी
विधायक बेलतरा
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं..
मनीष शर्मा
रिंकू त्रिपाठी
ऋषभ चतुर्वेदी
विमल त्रिपाठी
मिन्कु त्रिपाठी
अखिलेश त्रिपाठी
अमित शुक्ला
AVM GROUP
विवेक दुबे (सोमू), AD

## खबर संक्षेप

### शिक्षक संघ ने की वरिष्ठता सूची की प्रकाशन की मांग

**लोरमी।** नवीन शिक्षक संघ ने 1 अप्रैल की स्थिति में शीघ्र ही वरिष्ठता सूची का प्रकाशन की मांग की। नवीन शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत ने संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर से 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में वरिष्ठता सूची जारी करते हुए सहायक शिक्षकों को शिक्षक पद पर जल्द पदोन्नति देने की मांग की है। फरवरी के दूसरे सप्ताह में स्कूल शिक्षा विभाग शैक्षणिक पदों पर भर्ती एवं प्रमोशन के लिए नियम राज पत्र में प्रकाशित कर दिए गए हैं, जिसके तहत सहायक शिक्षक से शिक्षक के पदों में विषय वार पदोन्नति किया जाना है। नवीन शिक्षक संगठन के मुंगेली जिला अध्यक्ष रमन शर्मा ने मांग की है कि, विगत 3 वर्षों से सहायक शिक्षक से शिक्षक पदोन्नति हुई ही नहीं है। अब राजपत्र में विषय बार पदोन्नति के प्रकाशन होने के बाद सहायक शिक्षक से शिक्षक के लिए जल्द से जल्द पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ की जानी चाहिए, ताकि सहायक शिक्षकों को लाभ मिल सके।

### डिप्टी सीएम साव विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**लोरमी।** क्षेत्र के विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव शुक्रवार 1 मई को ग्रामीण अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। सर्वप्रथम वे नगर के 50 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में जीवन दीप समिति की साधारण सभा की बैठक में सम्मिलित होंगे एवं दोपहर 1 बजे मिन्टू अग्रवाल राइस मिल में आयोजित मजदूर दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद श्री साव दोपहर 3 बजे नगर के मानस मंच में प्रदेश स्तरीय शासकीय उचित मूल्य दुकान विक्रेता एवं संचालक सम्मेलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। शाम 4.15 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 7.15 बजे से नवाडीह में छत्तीसगढ़ ठेठवार यादव महासभा के महाअधिवेशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके बाद श्री साव रात 9 बजे ग्राम चन्द्रपुर स्कूल के पास आयोजित श्रीकृष्ण रासलीला महोत्सव में शामिल होंगे।



### बदला मौसम, क्षेत्र में आंधी का तांडव



**लोरमी।** क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट ली एवं तेज आंधी-तूफान का तांडव देखने को मिला। 10 अधिक स्थानों में 11 केवी एवं एलटी लाइन के पोल एवं तार टूटने से क्षेत्र में घंटों ब्लैक आउट रहा। नगर के मनियारी नदी में निर्माणधीन उच्चस्तरीय पुल के स्ट्रक्चर खड़ा करने लगाए गए लोहे के सेंट्रिंग प्लेट एवं गार्डर तेज आंधी से भरभराकर गिर गया। हालांकि इसमें किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार मौसम ने शाम 5 बजे अचानक तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगी। इससे वार्ड 18, 7 व 50 बिस्तर अस्पताल मोहल्ले सहित नगरी एवं ग्रामीण अंचल में लगभग 10 से अधिक स्थानों में 11 केवी एवं एलटी लाइन के पोल एवं तार टूटने की शिकायत विद्युत विभाग को मिलती रही। इससे विद्युत व्यवस्था चरमरा गई और घंटो शहर में विद्युत बाधित रही। गौरतलब है कि, तेज आंधी तूफान से लोग घरों में दुबके रहे, वहीं, बिन मौसम बारिश ने तापमान में गिरावट से मौसम खुशनुमा बना दिया। विद्युत विभाग के जूनियर इंजिनियर ऋषि तिवारी ने बताया कि 10 से अधिक स्थानों में पोल गिरने एवं तार टूटने की शिकायत मिली, जिसको दुरुस्त करने में समय लगेगा।

### 11 वर्ष आयु शतरंज स्पर्धा में निर्भय व संजीवनी चैंपियन



**लोरमी।** जिला शतरंज संघ के तत्वधान में एक दिवसीय जिला मिनी 11 वर्ष शतरंज बालक-बालिका चैंपियनशिप का आयोजन विकासखंड खेल केंद्र में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राजेन्द्र सलूजा नप सभापति, आयोजक प्रमुख सुबोध कुमार सिंह, सूर्यकान्त शर्मा कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। वहीं प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राजेश पाटले, देवराज वंदे, अनुराग बंजारे एवं योगेश बंजारे रहे। यह शतरंज चैंपियनशिप कुल 5 चक्रों में आयोजित हुईं। प्रतियोगिता में 11 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संजीवनी कुर्रे 4.5 अंक, द्वितीय स्थान निधि चक्रधारी 3 अंक, तृतीय स्थान अनुष्का ताम्रकार 2 अंक ने प्राप्त किया। वहीं 11 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान निर्भय सिंह राजपूत 4.5 अंक, द्वितीय स्थान अवनीश कुमार पाटकर 3 अंक, तृतीय स्थान पर समर्थ गुप्ता 3 अंक रहे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिया गया।

## बिजली की आवाजाही से ग्रामीण क्षेत्रों का हाल बेहाल

# मेंटनेंस के नाम पर 3 से 4 घण्टे तक बंद रहती है बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

*अंचल में लगातार हो रही बिजली की आवाजाही से लोग परेशान है। लोड शेडिंग एवं मेंटनेंस के नाम शहर में 3 से 4 घण्टे तक बिजली बंद रहती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों का हाल बेहाल है। लोड शेडिंग एवं कटौती के नाम से 24 घंटे में 6-8 घंटे ही बिजली उपलब्ध हो पा रही है। गांव मे ग्रामीण परेशान है, वही शहरी क्षेत्र में हो रहे बिजली कटौती से जहां जल संकट गहराया है, 45 डिग्री सेल्सियस में लोग गर्मी से परेशान है। बिजली समस्या को लेकर अधिकारियों के ध्यान नहीं देने से नागरिकों में असंतोष बना हुआ है।*

अंचल के उपभोक्ताओं ने शासन से बिजली व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर उन्होंने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शहर में पानी की सप्लाई नगर पालिका द्वारा ट्यूबवेल के माध्यम से की जाती है बिजली की आंख-मिचोली और कटौती के चलते जहां लोग गर्मी से परेशान है वहां जल संकट भी गहरातें जा रहा है वोल्टेज कम-ज्यादा होने के कारण घरों के बिजली उपकरण भी खराब हो रहे है, लोगों के पास ट्यूबवेल रहने के बाद भी अधिकांश समय लोड शेडिंग एवं कटौती के चलते 24 घंटे में कुछ घंटे ही बिजली मिल पा रही है।

नगर में इन दिनों किसी भी समय एक घण्टे से भी ज्यादा समय तक बिजली काटी जा रही हैं। नगर में गोल बाजार, सदर बाजार में दोपहर 3.30 बजे से बिजली बंद रही जो रात्रि में 7.30 बजे बिजली आई। कुछ देर बाद पुनः बंद हो गई। सदर बाजार के व्यापारी बिजली बंद से परेशान होकर बिजली विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को फोन लगाते रहे। सदर बाजार घंटों अंधेरे में डूबे रहने के बाद बिजली आई। तेज गर्मी के चलते लोग उमस से वैसे ही परेशान है। वहीं बिजली विभाग कभी भी बगैर किसी सूचना के घंटो बिजली बंद कर देती है। सोनार पारा एवं मो. बशीर खां वार्ड में लो-वोल्टेज के चलते नागरिकों को आये दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, भाजपा नेता सुनील सोनी ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से लगातार लो वोल्टेज से लोग परेशान हो गये है। लो वोल्टेज के चलते बिजली के उपकरण भी सही ढ़ंग से नही चल पा रहे है। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर बताया गया कि मरम्मत के नाम से बिजली बंद किया जाता है।



### शादी के सीजन में व्यापारिक प्रतिष्ठानों को उठाना पड़ रहा नुकसान

शादी के सीजन में बार-बार बिजली बंद से व्यापारिक प्रतिष्ठानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिजली से चलने वाली मशीन आधारित व्यापारिक प्रतिष्ठान घंटो तक बिजली के कटौती के कारण आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। विशेषकर आइसक्रीम, कोलड्रिंक, गन्ना रस का व्यपार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली पर निर्भर छोटे-बड़े व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है।

### ट्रांसफार्मर की आवश्यकता

सोनार पारा में एक और ट्रांसफार्मर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिसके चलते जगह की तलाश की जा रही है। लंबी लाइन होने के चलते अंतिम वोल्टेज प्रभावित हो जाता है। सदर बाजार में बेजा कब्जा के चलते विद्युत लाईन प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी हफ्तों ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के बाद भी सुधारा नहीं जा रहा है। बिजली विभाग की व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा है। जिससे नागरिकों में असंतोष बना हुआ है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि पुराने बिजली के पोल बदला जाए। विभाग से बिजली उपकरणों की सप्लाई में कमी होने से सर्किट बॉक्स नहीं लगे हैं। विभाग से सर्किट, फ्यूज तार, सर्किट बाक्स एवं अन्य सामग्री की मांग की गई है।



## नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में पुतला दहन, आक्रोश प्रदर्शन

**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी मल्हार मंडल के महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में 'नारी शक्ति अधिनियम' के समर्थन में पुतला दहन एवं आक्रोश प्रदर्शन का किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता देऊर मंदिर में एकत्रित हुए एवं रैली निकालते हुए मल्हार मेला चौक तक पहुंचे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए नारी सम्मान एवं अधिकारों के समर्थन में अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिनियम के समर्थन में अपनी बात रखी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रभारी महिला मोर्चा किरण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे, जिला प्रभारी 'मन की बात' सुरेश खटकर, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, युवा मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा महामंत्री राजेश कुमार यादव, रितेश साहू, उपाध्यक्ष रंजीत सोनवानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती यादव, महामंत्री अरुणा साहू, ज्योति जायसवाल, सुधा यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा पूरन सिंह ठाकुर, मंडल कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ किया गया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए निशुल्क कोचिंग 4 से

मुंगेली। अग्निवीर भर्ती 2026 के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने हेतु निशुल्क कोचिंग प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पंजीकृत आवेदकों के लिए 4 मई से 4 जून तक निशुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिससे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा की प्रभावी तैयारी कर सकें।

## ई-केवाईसी, खाद्यान्न वितरण और स्टॉक प्रबंधन सुधारने के निर्देश



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में जिला खाद्य अधिकारी पंकज सेतपाल ने जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की बैठक ली। बैठक में दुकानों के संचालन, खाद्यान्न वितरण व्यवस्था तथा ई-केवाईसी पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की गई। खाद्य अधिकारी ने कहा कि सभी उचित मूल्य की दुकान संचालक निर्धारित नियमों के तहत पारदशऍ रूप से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही खाद्यान्न का समय पर वितरण, भंडारण और सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। ई-केवाईसी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए गए कि, सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। बताया गया कि, आगामी 10 दिनों में ई-केवाईसी कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में वर्तमान तीन माह अप्रैल, मई एवं जून के खाद्यान्न वितरण की समीक्षा भी की गई। वितरण के दौरान आने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला खाद्य अधिकारी ने स्पष्ट किया कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। साथ ही हितग्राहियों से अपनी नजदीकी उचित मूल्य दुकान से समय पर खाद्यान्न प्राप्त करने एवं ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने कहा गया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## 80वीं जयंती पर स्व. जोगी को समर्थकों ने दी श्रद्धांजलि




**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की 80वीं जयंती के अवसर पर पेंड्रारोड स्थित पावर हाउस ग्रेवयार्ड में शांति सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके पुत्र एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के नेता अमित जोगी की उपस्थिति में सैकड़ों समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसके बाद उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभा स्थल पर श्रद्धा और भावुकता का माहौल बना रहा। शांति सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अजीत जोगी के राजनीतिक जीवन, उनके कुशल नेतृत्व और छत्तीसगढ़ के विकास में दिए गए योगदान को विस्तार से याद किया। वक्ताओं ने कहा कि, जोगी जी ने प्रदेश के निर्माण काल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रशासनिक अनुभव के साथ-साथ जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक अलग पहचान देती है। सभा में मौजूद कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि, अजीत जोगी का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, सहज और प्रभावशाली था। वे हर वर्ग के लोगों से सीधे जुड़ते थे और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनते थे। अमित जोगी ने कहा कि, उनके पिता का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि, अजीत जोगी की विचारधारा और आदर्श आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं, और आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे।

## हांफा में धूमधाम से मनाया गया भगवान नृसिंह जन्मोत्सव



**सकरी।** बिलासपुर से लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम हांफा स्थित सिद्ध बघर्रा पाठ भगवान नृसिंह नाथ मंदिर में नृसिंह जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। भीषण गर्मी के बावजूद सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के आचार्य धनेश उपाध्याय के सानिध्य में भगवान नृसिंह देव का महाअभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद शोभायात्रा मंदिर के लिए निकली। संध्या 6:30 बजे महाआरती में भगवान को छप्पन भोग, पंचमेवा और पाग अर्पित किया गया। । ग्राम के वरिष्ठ पंडित मोहनलाल दुबे एवं पंडित जुगल किशोर दुबे ने बताया कि, ग्राम में स्थापित भगवान नृसिंह को कुलदेव के रूप में पूजा जाता है। वहीं पंडित गोपाल प्रसाद तिवारी और पंडित गोविंद प्रसाद तिवारी ने बताया कि, प्राचीन मान्यता के अनुसार, जब गांव चारों ओर जंगलों से घिरा था और जंगली जानवरों का आतंक था, तब बुजुर्गों ने गांव की सीमा पर नृसिंह देव की स्थापना की। इसके बाद से गांव में जंगली जानवरों का प्रवेश बंद हो गया और देवता जनरक्षक के रूप में पूजे जाने लगे। ग्रामीणों की मान्यता है कि सिद्ध बघर्रा पाठ भगवान नृसिंह नाथ भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यही कारण है कि गांव व आसपास के क्षेत्रों के लोग हर शुभ कार्य से पहले यहां पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। आयोजन में ग्राम हांफा सहित आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। महाआरती में आचार्य धनेश उपाध्याय, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, क्षेत्रीय जनपद सदस्य अरुण सिंह चौहान, सलमपुर सरपंच राजेश कौशिक, महेन्द्र दुबे, संजय तिवारी, शरद पाण्डेय, रमेश उपाध्याय, राजकुमार पाण्डेय, पं मुकेश दुबे, दीपक पाण्डेय, अजीत कौशिक, पित्रेश श्रीवास, भेदी केवट, सुरेन्द्र उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दवा दुकानों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

**मुंगेली।** प्रदेश में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर 11 मई तक सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार औषधि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में 11 खुदरा औषधि विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।



औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत की गई। निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय–विक्रय रिकार्ड, सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तथा सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को परिसर में सीसीटीवी लगाने, औषधियों का विक्रय पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में करने और शेड्यूल दवाओं को चिकित्सकीय पर्चों के आधार पर ही बेचने के निर्देश दिए गए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए औषधियों के सुरक्षित भंडारण हेतु तापमान नियंत्रण बनाए रखने को कहा गया। इसी क्रम में टीम द्वारा डेयरी उत्पाद विक्रेताओं दूध, दही, पनीर, लस्सी एवं छाछ बेचने वाले होटलों एवं डेयरी का भी निरीक्षण किया गया तथा जांच के दौरान 4 नमूना गुणवत्ता परीक्षण हेतु संकलित किया गया। निरीक्षण के दौरान एक हॉटल में अखबारी कागज में खाद्य सामग्री परोसते पाए जाने पर पंजीयन निलंबन की कार्रवाई के लिए पंचनामा तैयार किया गया। साथ ही दुकानों में साफ-सफाई बनाए रखने, डस्टबिन का उपयोग, कीट नियंत्रण लाइट लगाने तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए गए।

## चिरायु योजना बनी जीवनदायिनी मासूम को मिला नया जीवन




**मुंगेली।** जिले में संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम 'चिरायु योजना' जीवनदायिनी साबित हुई है। मुंगेली विकासखंड के ग्राम सारंगपुर निवासी 3 वर्षीय अर्नव मोहले, जो जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित था, वह चिरायु योजना के तहत टीम की तत्परता, संवेदनशीलता और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आज पूरी तरह स्वस्थ है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ गिरीश कुर्रे तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में चिरायु टीम द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में अर्नव की जांच में गंभीर बीमारी का पता चला। बच्चे का ऑक्सीजन स्तर काफी कम था, जिससे उसे सांस लेने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी।

### 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित

**मुंगेली।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा हेतु जिले में परीक्षा केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में 3 केन्द्रों बी.आर. साव शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में 84 परीक्षार्थी, एमजेडी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोरमी में 266 परीक्षार्थी तथा पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लछनपुर, पथरिया में 41 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।


**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, कुल योग= | | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152


## संघ व कर्मचारियों के सम्मान में स्नेह मिलन कार्यक्रम

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ तहसील शाखा तखतपुर के महिला प्रकोष्ठ की कोषाध्यक्ष एवं प्रधान पाठक शास पूमा शाला बीजा कौशल्या साहू के आगामी माह में सेवानिवृत्ति के अवसर पर संघ एवं कर्मचारी साथियों के सम्मान में स्नेह मिलन कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक विदाई समारोह न होकर मातृशक्ति की उस निरंतर सेवा, समर्पण और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण रहा, जिसने वर्षों तक शिक्षा विभाग एवं कर्मचारी हितों को सशक्त दिशा प्रदान की। कौशल्या साहू ने अपने कार्यकाल में न केवल शैक्षणिक दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन किया, बल्कि महिला सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में प्रदेश समन्वयक जीआर चंद्रा, प्रदेश महामंत्री हिमाचल साहू, जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा, जिला संरक्षक रामकुमार यादव, कार्यालय सचिव राजेश वस्त्रकार, तखतपुर अध्यक्ष शशिकांत सोनी, सकरी तहसील अध्यक्ष विजय श्रीवास सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष नंद कुमार साहू, एलपी श्रीवास, राजकुमार शर्मा, उमर कुरैशी, नीलम राजकुमार, योगेश्वर सिंह, रामकुमार भोई, टीआर भोई, कौशल साहू, समीर कौशिक, संदीप ठाकुर, राजेश कश्यप, मानसी ध्रुव, जगत राम भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में ग्राम बीजा के सम्माननीय जन व संगठन के सदस्य एवं कर्मचारी साथी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।




online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट:- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नही रहेगा।
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 1 मई 2026


गर्मी बढ़ते ही सड़कों के किनारे लगने लगी मटके की दुकानें।



## प्लेटफार्म नंबर एक पर तीन साल पहले रूकती थीं 38 ट्रेनें, अब सिर्फ 10

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तीन साल पहले करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर मुम्बई से आने वाली सारी ट्रेनों के अलावा अन्य ट्रेनों सहित करीब 38 से अधिक यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता था, इससे यात्रियों को काफी राहत मिलती थी, लेकिन अब इस प्लेटफार्म पर सिर्फ 10 ट्रेनें रोकी जा रही हैं। यात्रियों के लिए ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नंबर 2 से 5 में किया गया है, इन प्लेटफार्मों तक पहुंचने में हर रोज हजारों लोगों को पसीना बहाना पड़ता है।

■ पसीना बहाकर दूर के प्लेटफार्म जाते हैं यात्री

एसईसीआर मुख्यालय का जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर है, जहां जोन के अनुसार यात्रियों को सुविधा दी जानी है। स्टेशन में यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिए जाने के लिए 8 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों कें लिए सारी सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें वेटिंग हॉल, आधुनिक एसी वेटिंग हॉल, रिटायरनिंग और डारमेट्री, फूड प्लाजा, वीआईपी रूम के साथ आरपीएफ और जीआरपी थाने भी हैं। यह प्लेटफार्म यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक भी हैं, जहां मुख्य गेट से अंदर प्रवेश के साथ ही यात्रियों को ट्रेनों की सुविधा मिलनी चाहिए। इस प्लेटफार्म पर रेल प्रशासन ने यात्रियों को सुविधा देने के लिए ही सारे कार्य किए हैं। तीन साल पहले बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर मुम्बई से हावड़ा की ओर जाने वाली डाउन ट्रेनों में मुम्बई सीएसएमटी-हावड़ा मेल, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, दूरंतो एक्सप्रेस, अहमदाबाद एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस के अलावा अन्य गाड़ियों सहित दुर्ग से बिलासपुर होकर कटनी रूट की ओर जाने वाली चार मुख्य ट्रेने दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर मंगलवार को, दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, स्पेशल ट्रेनों कें साथ करीब 38 से अधिक यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता था। इस प्लेटफार्म पर सारी ट्रेनों के स्टापेज से यात्रियों को स्टेशन प्रवेश के साथ ही ट्रेन में सफर की सुविधा भी आरामदायक मिल रही थी। तीन साल के अंतराल में रेल अफसरों ने यात्रियों कों दी जाने वाली ट्रेन स्टापेज की सारी सुविधाओं को बढ़ाने के बजाय कम कर दिया। 38 ट्रेनों का स्टापेज वर्तमान में स्पेशल व साप्ताहिक सहित 10 ट्रेनों में हो गया है।

मुम्बई की ओर से आने वाली गाड़ियों का स्टापेज दो से तीन में हावड़ा से आने वाली गाड़ियां 4-5 से होकर मुम्बई की ओर रवाना हो रही है। जिस प्लेटफार्म पर तीन साल पहले यात्री गाड़ियां और यात्रियों की भीड़ दिखाई देती थी, उस प्लेटफार्म पर अब केवल मालगाड़ियों के साथ वीरानी छाई रहती है।

### करोड़ों खर्च कर बनाए गए प्लेटफार्म का यात्रियों को नहीं मिल रहा लाभ


मालगाड़ियों को मिस्टिंग से दे रहे ठंडक, यात्री पसीना बहा रहे

#### भीषण गर्मी में हलाकान

पिछले कुछ माह से रेलवे स्टेशन बिलासपुर में यात्रियों को एक आधुनिक स्टेशन की सुविधा देने के लिए 392 करोड़ रुपए की लागत से एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है। इस काम के लिए मुख्य गेट नम्बर एक को पूरी तरह से क्लोज कर दिया गया है। यात्रियों को आने-जाने के लिए गेट नम्बर 4 और 1 का उपयोग करना पड़ रहा है। इन दोनों गेट से यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफार्म नम्बर दो से 5 तक जा रहे हैं, जिसके लिए हावड़ा और नागपुर एंड दोनों ओर एफओबी और रैंप भी बने हुए हैं। दो से पांच तक प्लेटफार्म पर यात्री ट्रेनों का स्टापेज तो है, लेकिन मिस्टिंग मशीन की सुविधा और उसमें से निकलने वाले फौव्वारे का लुत्फ यात्री नहीं उठा पा रहे हैं। दोपहर की भीषण गर्मी में यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है।

#### देखा जाता है परिचालन का दृष्टिकोण

बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म की लंबाई और अन्य कारणों सहित परिचालन के दृष्टिकोण को देखा जाता है। इसके बाद ही सक्षम अधिकारी उक्त प्लेटफार्म पर ट्रेनों का स्टापेज करने का निर्णय लेकर आर्डर जारी करते हैं।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम
रेल मंडल बिलासपुर

## खबर संक्षेप



### दो पहिया के लिए तारबाहर अंडरब्रिज ओपन होगा आज से

**बिलासपुर।** हावड़ा-मुम्बई मार्ग के बीच बिलासपुर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर बने तारबाहर अंडरब्रिज पर मरम्मत कार्य कर चल रहा है, जिसे लोगों की परेशानियों को देखते हुए रेल प्रशासन ने दो पहिया वाहनों के लिए शुक्रवार की सुबह से ओपन करने का निर्णय लिया है।
तारबाहर अंडरब्रिज में बेहतर सड़क आवागमन के लिए सड़क का मरम्मत कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया गया था, जिसे पहले 15 मई तक यानि 45 दिनों तक करने का निर्णय लिया गया था। काम के दौरान तारबाहर आरयूबी में लोगों का आना-जाना पूरी तरह से बंद हो गया है। अंडरब्रिज बंद होने के कारण बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस रास्ते के बारे में रेलवे ने लोगों से अनुरोध किया है वह करीब पांच किलोमीटर दूर है, जहां से घूमकर जाने में ही काफी समय लग जाता है। रेलवे के दिए गए वैकल्पिक रास्ते अपूर्ण हैं और कई रास्ते कच्चे हैं, जहां रेलवे की ही बड़ी गाड़ियां चल रही है। लोग अपने समय पर काम पर नहीं पहुंच पाते हैं। घुमाव के कारण पैदल चलने वाले मजदूरों के कार्य छूट गए हैं, जिसका असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। 2 अप्रैल से बंद अंडरब्रिज को बंद करने के बाद केवल एक दो मजदूरों से काम कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने डीआरएम के पास पहुंचकर मांग की थी कि अंडरब्रिज में एक ओर बेरीकेट कर पदयात्री, दो पहिया वाहन चालकों को आने जाने की सुविधा दी जाए, अन्यथा अंडरब्रिज का मरम्मत कार्य रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच हो। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक अंडरब्रिज को लोगों के लिए खोल दिया जाए, जिससे सभी को सुविधा मिलेगी।

### एसएसपी ने किया चार पुलिसकर्मियों का तबादला

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से महिला आरक्षक तबस्सुम कुरैशी का पुलिस लाइन से डीसीबी शाखा, हेमलता गौरहा का तारबाहर से पुलिस लाइन, प्रिया शुक्ला का पुलिस लाइन से तारबाहर, ज्ञानेश्वर यादव का सीपत से पुलिस लाइन तबादला किया गया है। ज्ञात हो पूर्व में एसएसपी श्री सिंह ने जम्बो लिस्ट निकालकर तबादला किए थे। किन्तु अधिकांश पुलिसकर्मी पुराने थाने में जमे हुए है। प्रभारियों के द्वारा पुलिसकर्मियों को रिलीव नहीं किया जा रहा है।

### रेलवे अधिकारी के घर में चोरों का धावा, सामान नहीं मिला, बैरंग लौटे

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े रेलवे अधिकारी के घर में चोरों ने धावा बोलकर पूरा मकान खंगाल डाला। कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर चोर बैरंग लौट गए। तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे हास्पिटल के पास आफिसर्स कालोनी निवासी एडीशनल जीएम मनोज गुरूमुखी का दो माह पहले जबलपुर ट्रांसफर हो गया है। मकान में उनका सामान रखा हुआ है। 29 अप्रैल की सुबह 11 बजे चोरों ने ताला तोड़कर पूरा मकान खंगाल डाला। कीमती सामान हाथ नहीं लगने पर चोर बैरंग लौट गए। देखरेख करने वाला खलासी आर व्यकेंटेश्वर उनके घर आया तो दरवाजे का ताला टूटा देखकर श्री गुरूमुखी को चोरी होने की जानकारी दी। उन्होने बताया, सभी कीमती सामान अपने साथ जबलपुर ले गए हैं। उनके कहने पर खलासी आर व्यकेंटेश्वर ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### ईडी का छापा...


भारतमाला परियोजना में 5 सौ करोड़ रुपए की आर्थिक गड़बड़ी मामले में ईडी ने श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित सराफा व्यापारी के घर में छापा मारा।

## हाईकोर्ट पहुंची रायपुर में पकड़ी गई विदेशी युवतियां पुलिस हिरासत के खिलाफ याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत में अवैध रूप से रह रही उजबेकिस्तान की दो युवतियों की हिरासत के मामले में दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में केन्द्र व राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है। वहीं याचिकाकर्ता को भी अपना जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।



■ कोर्ट ने केन्द्र व राज्य सरकार से दो सप्ताह में मांगा जवाब

यह मामला रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। यहां पुलिस को सूचना मिली थी कि एक होटल में दो उजबेकिस्तान की युवतियां अवैध रूप से रह रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने फरवरी 2026 में दोनों युवतियों को हिरासत में लिया था। चूंकि मामला विदेशी नागरिकों से जुड़ा था, इसलिए इसकी जांच करने की जिम्मेदारी इंटेलिजेंस ब्यूरो आईबी को दी गई। इस मामले में युवतियों ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि दोनों युवतियों को 14 जनवरी 2026 से लगातार हिरासत में रखा गया जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्हें बिना औपचारिक गिरफ्तारी के रायपुर सेंट्रल जेल के डिटेंशन सेंटर में रखा गया और उन्हें किसी भी मजिस्ट्रेट या न्यायिक अधिकारी के सामने पेश नहीं किया गया। हिरासत में रखने के दौरान कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। आरोप है कि गिरफ्तारी के समय कोई स्पष्ट केस दर्ज नहीं था और बाद में एफआईआर दर्ज की गई, जिससे हिरासत की वैधता पर सवाल उठते हैं। याचिका में यह भी बताया गया कि दोनों युवतियां टूरिस्ट के रूप में भारत आई थी और उनके पास वैध पासपोर्ट था। वीजा का समाप्त होना केवल एक तकनीकी त्रुटि बताई गई है। इस मामले में केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

### हवाई संघर्ष समिति श्रमदान करेगी आज

## समिति करेगी एयरपोर्ट रन-वे के विस्तार की मांग बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा मजदूर दिवस पर चकरभाटा एयरपोर्ट में प्रतीकात्मक श्रमदान करेगी। विरोध स्वरूप किए गए इस श्रमदान में एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 1490 से बढ़कर 2200 मीटर करने की मांग की जाएगी। सदस्यों का कहना है कि 290 एकड़ जमीन मिल के बाद भी रनवे विस्तार के लिए फंड नहीं है।

सदस्यों ने कि देशभर में अंतर्राज्यीय हवाई सुविधा में 800 विमान में से 650 विमान एयरबस और बोइंग श्रेणी के हैं। इनकी लैंडिंग और टेक ऑफ के लिए कम से कम 2200 मीटर रनवे की आवश्यक है।

वहीं विमान 70 और 80 सीटर बम्बार्डियर और अंब्रेरर श्रेणी के विमान भी कम से कम 1800 मीटर रनवे पर चलते हैं। खास बात यह है कि एटीआर विमान भी गर्मी के मौसम में 1700 मीटर रनवे में ही टेक ऑफ कर सकते हैं। रनवे की लंबाई कम होने के कारण यात्रियों की संख्या कम करने का दबाव होता है। समिति ने बताया कि प्रथम चरण में 2200 मीटर तक रेलवे विस्तार किया जाना चाहिए। समिति के सदस्य व सहयोगी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ता शुक्रवार की सुबह 10 बजे एयरपोर्ट चौक चकरभाठा में एकत्र होंगें और प्रतीकात्मक श्रमदान के लिए तेलसरा गांव जाएंगें। यहां श्रमदान कर विरोध दर्ज करेंगे।



## एक ही दिन में ड्रग विभाग ने किया 21 दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ड्रग विभाग की टीम शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी मुस्तैदी दिखा रही है। सही दवा, शुद्ध आहार अभियान के तहत औषधि निरीक्षकों की तीन टीम ने जिले के 21 दुकानों में निरीक्षण किया।

आला अधिकारियों के निर्देश के बाद ड्रग विभाग एक्टिव हो चुका है। इस दौरान दवा दुकानों में लगातार निरीक्षण व कार्रवाई का दौर चल रहा है। गुरूवार को निरीक्षण टीम ने तखतपुर, गनियारी, चकरभाठा, पौंडी, बोदरी एवं बेहतराई, सरकंडा क्षेत्र का निरीक्षण किया। कॉस्मेटिक दुकानों में क्रय बिल का संधारण नहीं किया जा रहा है। टीम में औषधि निरीक्षक सुनील पंडा, सुमन लता कंवर, अश्विनी कुमार, आशीष पांडे, कामेश्वरी पटेल शामिल रहे। ग्रामीण क्षेत्रों के 21 कॉस्मेटिक दुकानों तक टीम पहुंची। यह पहली बार है जब शहर को छोड़ ग्रामीण में भी कार्रवाई की जा रही है। टीम ने भंडारण व्यवस्था की जांच, पक्के बिल में ब्रिकी, एक्सपायरी उत्पाद संधारण, उत्पाद क्रय विक्रय के लिए बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि, निर्माता की जानकारी खरीददार को नहीं देने जैसे मामले सामने आए। वहीं 6 दुकानों में फर्जी कॉस्मेटिक्स के स्टॉक को नष्ट किया गया। सहायक औषधि नियंत्रक भीष्म देव सिंह ने कहा कि जनता को जागरूक होकर खरीदे गए कॉस्मेटिक उत्पाद जांच स्वयं करनी होगी, इस दौरान एक्सपाइयरी डेट, निर्माता, बैच नंबर नहीं होने पर दवा व कास्मेटिक सामानों की खरीदी नही की जानी चाहिए।



### पीसीसीएफ ने अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचकर दिया कार्य जल्द पूरा करने का आदेश

## एटीआर विस्थापन : एक गांव के परिवार दीपावली मनाएंगे नए घर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के तीन गांव के 171 परिवारों का नए स्थान पर विस्थापन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत पहले चरण में मुंगेली वन मंडल के क्षेत्र में सावंतपुर और भरतपुर के जोगीपुर व अन्य स्थानों पर 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है। तीन गांव में से प्रथम चरण में एक गांव तिलईडबरा के ग्रामीणों का विस्थापन का कार्य जोगीपुर में शुरु कर दिया गया है, जहां 93 परिवार नए घर में दीपावली पर्व में दीया जलाएंगे।

एटीआर जंगल में बसे ग्रामीणों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने की प्रक्रिया कई साल से चल रही है। पूर्व में 6 गांव में रहने वाले लोगों को लोरमी और मुंगेली क्षेत्र में विस्थापित करने के उपरांत चार साल से कोर जोन में बसे तीन गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के करीब 133 परिवारों के विस्थापन करने का कार्य हो रहा है। पूर्व राज्य सरकार ने ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि का बजट प्रस्ताव बनाया, लेकिन बाद में यह योजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। एटीआर प्रबंधन ने तीनों गांव बिरारपानी, छिरहट्टा और तिलईडबरा के ग्रामीणों के विस्थापित की योजना शुरु कर दी गई है, जिनके 171 परिवार के लिए मुंगेली के जोगीपुर और भरतपुर में 255.300 हेक्टेयर जगह चिन्हांकित की गई है।

इन 171 परिवार में से प्रत्येक परिवार को 15-15 लाख रुपए की राशि दी जानी है, ताकि वे एटीआर को खाली करने के बाद दूसरे स्थान पर चले जाएं। इन सभी परिवारों के लिए मुंगेली वन मंडल क्षेत्र में जगह चिन्हांकित करने के बाद पहले चरण में पेड़ों की कटाई का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसमें कटाई का कार्य वर्तमान में 30 फीसदी कम्पलीट हो चुका है।



**तीन में से एक गांव का विस्थापन**
एटीआर अफसरों के अनुसार 19 गांव में से तीन गांव तिलईडबरा, बिरारपानी, छिरहट्टा में रहने वाले 171 परिवार के लिए मुंगेली में जगह चिन्हांकित की गई है। प्रत्येक घर के अलावा किसानी के लिए खेत व बच्चों के लिए गार्डन या फिर परिवार को 15-15 लाख रुपए दिया जाना है। बिरारपानी, छिरहट्टा को छोड़कर तिलईडबरा के ग्रामीणों के लिए नए आवास बनाने का काम तेजी से हो रहा है, जो संभवतः दीपावली तक कम्पलीट कर दिया जाएगा। इसी बीच दूसरे गांव के विस्थापन का भी कार्य होगा।

### तेजी से करें काम

एटीआर के विस्थापित ग्रामीणों को नए स्थान पर बसाने के लिए काम की शुरुआत कर दी है। जोगीपुर में करीब 55 नए आवास बनाए जा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर डेडलाइन दी गई है कि दो शिफ्ट में काम किया जाए, ताकि तीन चार माह में पूरा कार्य कम्पलीट हो और ग्रामीण दीपावली अपने नए आवास में मनाएं।

-अरूण पाण्डेय, पीसीसीएफ

### ग्रामीणों की पहली पसंद है आवास

एटीआर प्रबंधन के अनुसार मुंगेली के भरतपुर में बिरारपानी और छिरहट्टा के ग्रामीणों को और सावतपुर में तिलईडबरा के ग्रामीणों को विस्थापन करने का कार्य किया जाएगा। इसमें 133 परिवार हैं, जिसमें से 15 लोगों ने आप्शन वन के तहत 15 लाख रुपए की मांग की है। वहीं 111 परिवार मकान, खेत व अन्य सुविधाएं लेना चाहते हैं। इसमें प्रति परिवार को 2.3 हेक्टेयर जमीन दी जाएगी। इन तीन गांव को विस्थापन करने के बाद 16 गांव शेष बचेंगे, जिनके रहवासियों को जगह दिखाई जा रही है। सभी के सामने आप्शन भी रखे जा रहे हैं, जिसमें ज्यादातर परिवार की पहली पसंद मकान है।


बेलतरा की युवा ऊर्जावान विधायक
मा. सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पवन सिंह
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति भरारी
जनक देवांगन
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति रानीगांव
लक्ष्मीकांत शास्त्री
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति सेंदरी
राकेश अग्रहरि
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति उर्तुम
यशवंत सिंह
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति सेमरताल
प्रदीप शास्त्री
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति बैमा नगोई
प्रहलाद यादव
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति पौंसरा
सुरेन्द्र दुबे
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति लखराम
विनीत- सेवा सहकारी समिति दक्षिण मंडल बेलतरा विधानसभा



हमारे प्रिय नेता यशस्वी बेलतरा विधायक
मान. श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रीतेश सोनी
पार्षद -वार्ड क्रं.51, राजकिशोर नगर बिलासपुर
दिनेश सिंह ठाकुर जी
शैलेष गोरख जी
(महामंत्री पूर्वी मंडल बेलतरा)
नरेन्द्र कुमार जी
शंकर नायडू जी
ऋषभ चतुर्वेदी जी
जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा
कुंदनधर दीवान
मिनाज मेनन राजा भाई
शेख राजिक
मंडल अध्यक्ष
अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्वी मंडल
राजेन्द्र सिंह ठाकुर जी
आदित्य पाण्डेय जी


युवा हृदय सम्राट
मान. सुशांत शुक्ला जी
विधायक बेलतरा
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पवन हरिओम कश्यप
मण्डल अध्यक्ष, बेलतरा
सुरेश साहू
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति, मोपका
हरिशंकर कश्यप
संस्था प्रबंधक- सेवा सहकारी समिति, मोपका
विनीत:- भारतीय जनता पार्टी, पूर्वी मण्डल, बेलतरा विधानसभा
संकलन: रामगोपाल साहू
हरिभूमि प्रतिनिधि, लगरा 96179-38788


हमनें बनाया है हम ही सवारेंगे
बेलतरा विधायक
मान. सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार
जनपद अध्यक्ष तखतपुर
संतोष कौशिक
विनय शर्मा
विक्की सिंह
राजेश दुबे
राकेश तिवारी
जनपद उपाध्यक्ष, तखतपुर
सौरभ पाण्डेय
महाकाल का आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे।

## खबर संक्षेप

### सामान्य ट्रेनों के साथ किया जाएगा वंदेभारत एक्सप्रेस का रखरखाव

**बिलासपुर।** कोचिंग डिपो में अब दूसरी ट्रेनों के साथ वंदेभारत एक्सप्रेस का भी मेंटनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके लिए आयल डिपो से लेकर कोचिंग डिपो तक नई पिट लाइन बनाई जा रही है। इस लाइन को बनाने के लिए गुड शेड और आसपास के क्षेत्रों में बेजा कब्जाधारियों को हटाने के साथ बाउंड्रीवाल को तोड़ने की तैयारी शुरु कर दी गई है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन को एक वंदेभारत की सौगात तीन साल पहले रेलवे बोर्ड ने दी है। यह ट्रेप शनिवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन बिलासपुर से नागपुर की दूरी साढ़े 5 घंटे में तय करती है। शुरुआत में वंदेभारत एक्सप्रेस को 16 कोच से चलाया जा रहा था, लेकिन कोच की संख्या के हिसाब से रेल प्रशासन को यात्री नहीं मिल पा रहे थे। इसका कारण था कि वंदेभारत एक्सप्रेस में सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट एक्सप्रेस से अलग एक्सक्यूटिव कार और चेयर कार के साथ अन्य सुविधाओं के लिए रेलवे यात्रियों ने चार गुना अधिक राशि ले रही थी। वंदेभारत एक्सप्रेस में किराया अधिक होने के कारण बिलासपुर से नागपुर के बीच सफर करने वाले यात्री दूसरी ट्रेनों में सफर कर रहे थे। यात्रियों की संख्या में कमी के कारण वंदेभारत एक्सप्रेस के कोच को 16 से घटाकर 8 कोच में कर दिया गया है। यात्रियों के साथ रेलवे के पास सबसे बड़ी समस्या वंदेभारत एक्सप्रेस के मेंटनेंस की थी। वंदेभारत में कई बार पथराव के कारण कोच की खिड़कियों के कांच क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसकी वजह से कांच को बदलने के लिए कपूरथला से स्टाफ को बुलाना पड़ रहा था। कोचिंग डिपो में वंदेभारत की धुलाई और सफाई के अलावा कोई दूसरे काम नहीं हो पा रहे थे। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड के आदेश पर एक नई पिट लाइन बनाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस लाइन पर केवल वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के मेंटनेंस व अन्य कार्य किए जाएंगे। इस कार्य के लिए आयल डिपो से लेकर गुड शेड तक तोड़फोड़ का कार्य भी किया जा रहा है।

### महिला एवं बाल सुरक्षा विषय पर आर्यन फिल्मों का प्रस्तुतीकरण



**बिलासपुर।** गुरुवार को एसएसपी रजनेश सिंह के चेतना अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल सुरक्षा विषय पर आधारित आर्यन फ़्लिम की जागरूकता फिल्मों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की वरिष्ठ महिला अधिकारियों एवं समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास (टोनही प्रथा) तथा महिला एवं बाल अपराधों पर आधारित लघु फिल्मों के पोस्टर का राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर के हाथों अनावरण किया गया। चेतना अभियान चेतना के विभिन्न चरणों को साकार करते हुए चेतना के भाव को लोगों तक पहुंचाने के लिए आर्यन फिल्म स्थानीय भाषा में छोटी-छोटी फिल्मों का निर्माण करते हुए लोगों में जागरूकता लाने का भरपूर प्रयास किया है जिसे सभी वर्गों ने सराहा है। इन फिल्मों की आवश्यकता महसूस करते हुए इसका प्रदर्शन विभिन्न प्रांतों में भी किया गया। इन फिल्मों का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा अपराधों की रोकथाम के लिए जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना है। फ़्लिम में विशेष योगदान रवि शुक्ला, डॉ सुनन्दा मरावी, टीआई विवेक पाण्डेय, टीआई निलेश पाण्डेय, उमा शंकर पाण्डेय, महेंद्र सूर्यवंशी, डॉ के के साव का रहा।

### सहायक मत्स्य अधिकारी मेनन सेवानिवृत्त



**बिलासपुर।** सहायक मत्स्य अधिकारी एवं प्रभारी उपसंचालक मछली पालन बिलासपुर सतीश मेनन अपनी अर्ध वार्षिकी सेवा अवधि पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति हो गए। साथी कर्मचारियों ने उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान साथ कर्मचारियों ने उनके जीवन की नई पारी में स्वस्थ रहने और हमेशा सुखी रहने ईश्वर से कामना की। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए इसे एक यादगार पल बताया। जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता। श्री मेनन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया । उन्हें भेंट फूल मालाओंसे स्वागत करते हुए उन्हें सम्मान में उपहार भेंट किए। इस दौरान राजेश वर्मा सहायक मत्स्य अधिकारी, डीडी रात्रे, अरविंद सिरोटिया, योगेश दीक्षित, नयन शाह, एवं श्ए के महिस्वर पूर्व उपसंचालक मछली पालन बिलासपुर अलका स्वर्णकार, सहायक संचालक मछली पालन जांजगीर चांपा एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब शक्ति की नई कार्यकारिणी गठित



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति ने सत्र 2026-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष रोशनी दीक्षित, सचिव अरविन्द वर्मा, कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी सराफ, प्रथम उपाध्यक्ष बिधुत मण्डल, द्वितीय फ़रीज़ अलीम, सहसचिव दिव्या सिंह एवं सह कोषाध्यक्ष प्रतिज्ञा सिंह चुनी गईं हैं।

### राई श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव निर्वाचित



**बिलासपुर।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार विश्व दीपक राई छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश महासचिव के पद पर पुनः निर्वाचित घोषित किए गए हैं। प्रदेश मुख्यालय रायपुर में निर्वाचन अधिकारी राम साहू एवं राजकुमार यादव ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उन्हें निर्विरोध प्रदेश महासचिव के पद पर निर्वाचित घोषित किया। वे पिछले 3 दशकों से पत्रकारिता एवं संगठन में सक्रिय हैं।

---

**कीमतों में गिरावट के कोई आसार नहीं** | **सड़क निर्माण को लेकर रूक रहे ठेकेदारों के कदम**

# तीन महीने में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी, डामर की कीमतों ने रोकी सड़क निर्माण की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जनवरी से अप्रैल के बीच डामर की कीमतों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी ने सड़क निर्माण पर ब्रेक लगा दिया है। इन तीन महीनों में डामर की कीमत 25 प्रतिशत तक बढ़ी है, जिससे कहीं ना कहीं सड़क निर्माण को लेकर ठेकेदारों के कदम रूक रहे हैं। अकेले लोक निर्माण विभाग के डिवीजन-1 की बात की जाए तो इस साल यहां तीस से भी अधिक नई सड़कें बनाई जानी थीं, लेकिन ज्यादातर सड़कों का अब तक निर्माण प्रारंभ ही नहीं हो सका है।

जनवरी महीने में डामर की जो कीमत जीएसटी सहित 50 हजार रुपए प्रतिटन थी, आज बढ़कर 76 हजार 802 रुपए प्रतिटन तक पहुंच चुकी है। तीन महीने में सीधे 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कहीं ना कहीं प्रदेश में सड़क निर्माण की रफ्तार को धीमी कर रही



है। विभाग के अनुसार नेशनल हाईवे की सड़कों पर आमतौर पर वीजी-40 गुणवत्ता के डामर इस्तेमाल किए जाते हैं, वहीं लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत सड़कों को वीजी-30 गुणवत्ता के डामर से तैयार किया जाता है। लगभग सारे ही डामर 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी के साथ उपलब्ध हैं, लेकिन सड़क की पुरानी दरों पर नई कीमतों का डामर खरीदकर निर्माण ठेकेदारों को महंगा पड़ रहा है।

लोक निर्माण विभाग को भी शायद सड़कों के निर्माण की धीमी प्रगति का अंदेशा है। यही कारण है कि बीते दिनों लोक निर्माण विभाग के ईएनसी द्वारा इंडियन ऑयल के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें डामर की लगातार बढ़ती कीमतों पर चिंता जाहिर की गई थी। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अनुसार ईरान-अमेरिका व इजराइल युद्ध से पूर्व तक डामर की कीमतें स्थिर थीं, लेकिन युद्ध के बाद कीमतों में लगातार बढ़ोतरी आई है, जिस पर कंपनी का कोई नियंत्रण नहीं है। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विषय है।

### भंडारण पर्याप्त, उपलब्धता में कोई दिक्कत नहीं

अमेरिका-ईरान-इजराइल युद्ध का डामर की उपलब्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। डामर के पर्याप्त भंडारण हैं, जिससे डामर नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण प्रभावित होने की बात नहीं की जा सकती। देश की चार रिफायनरियों उत्तरप्रदेश के मथुरा, उड़ीसा के पारादीप, पश्चिम बंगाल के हल्दिया एवं आंध्रप्रदेश के काकीनारा से पर्याप्त मात्रा में डामर का उत्पादन हो रहा है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के अनुसार चारों रिफायनरियों में से छत्तीसगढ़ में पारादीप व हल्दिया से ज्यादातर डामर का स्टॉक आता है।

### डामर में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी

जनवरी महीने से अभी तक डामर की कीमतों की बात की जाए तो इसमें लगभग प्रति टन 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कीमतों में कंपनी का कोई नियंत्रण नहीं है। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विषय है। डामर की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर बीते दिनों लोक निर्माण विभाग के ईएनसी के साथ आवश्यक बैठक भी आयोजित की गई थी। प्रदेश में डामर के पर्याप्त भंडारण हैं इसमें कहीं कोई कमी नहीं है।

**-अंकित बंसल,** मैनेजर इंस्टीट्यूशनल बिज़नेस इंडियन ऑयल

---

# एसईसीएल मुख्यालय के 10 कर्मी हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले 10 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई।

मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, सीवीओ हिमांशु जैन एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में चन्द्रमोहन वर्मा महाप्रबंधक (सिविल) सीएसआर विभाग, एसके महापात्रा मुख्य प्रबंधक (खनन/मासंवि), संजय दास प्रबंधक (सर्वे) योजना परियोजना विभाग, श्याम बोरकर सहायक अभियंता नगर प्रशासन विभाग, पुरुषोत्तम लाल साहू असिस्टेंट सुपरवाईजर ई/टी विभाग, व्ही. नागेश फोरमेन इंचार्ज नगर प्रशासन विभाग, संतोष कुमार मेश्राम असिस्टेंट सुपरवाइजर नगर प्रशासन विभाग, दल बहादुर गुरुंग सिनीयर डुप्लीकेटिंग ऑपरेटर सीएमडी सचिवालय, बैकुंठ महानंदा सामान्य सहायक श्रेणी-4 वसंत विहार डिस्पेंसरी, भोला प्रसाद सुरक्षा प्रहरी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सविता निर्मलकर ने निभाया।

# चीफ जस्टिस ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई





**बिलासपुर।** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा साहब द्वारा उच्च न्यायालय में रामायन प्रसाद देवांगन, मुख्य लेखाधिकारी, अशेष श्रीवास्तव, एडिशनल रजिस्ट्रार तथा कुवंर सिंह अंगारे, अनुभाग अधिकारी को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनकी कर्तव्यनिष्ठा, सर्मपण व उत्कृष्ट सेवा के लिए स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया तथा उनके भावी स्वस्थ्य जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी।

उल्लेखनीय है कि रामायण प्रसाद देवांगन ने वर्ष 1986 में जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर में लिपिक पद से अपनी सेवा प्रारम्भ की थी तथा इस उच्च न्यायालय में वर्ष 2001 में सहायक ग्रेड-02 के पद पर सेवा प्रारम्भ की। उच्च न्यायालय में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए आज मुख्य लेखाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। अशेष श्रीवास्तव ने वर्ष 1984 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के ग्वालियर खण्डपीठ में लिपिक पद से अपनी सेवा प्रारम्भ की थी तथा इस उच्च न्यायालय में वर्ष 2001 में अनुभाग अधिकारी के पद पर सेवा प्रारम्भ की। उच्च न्यायालय में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए आज एडिशनल रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। कुंवर सिंह अंगारे ने वर्ष 1991 में जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग से अपनी सेवा प्रारम्भ की थी तथा इस उच्च न्यायालय में वर्ष 2001 में सहायक ग्रेड-03 के पद पर सेवा प्रारम्भ की। उच्च न्यायालय में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए आज अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

## एजुकेशन प्लस

### अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में समर स्कूल एवं समर कैंप शुरू

**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को रचनात्मक, ज्ञानवर्धक एवं आनंदमय बनाने के उद्देश्य से "समर स्कूल एवं समर कैंप 2026" का शुभारंभ 1 मई से किया जा रहा है।




विद्यालय द्वारा यह विशेष कार्यक्रम पीपी डब्ल्यू से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सुव्यवस्थित रूप से तैयार किया गया है, जिसमें आयु एवं कक्षा के अनुसार अलग-अलग समूह निर्धारित किए गए हैं। नन्हें बच्चों के लिए टिवीक्लिंग स्टार्स एवं स्पारकिंग स्टार्स आदि समूहों के माध्यम से सीखने और मनोरंजन का अनूठा संगम प्रस्तुत किया जाएगा। समर कैंप 1 मई से 16 मई के अंतर्गत विद्यार्थियों को जुम्बा, डांस, रोमांचक साइंस एक्सपेरिमेंट्स, ब्रेन जिम एक्टिविटीज, क्रिएटिव आर्ट एवं क्राफ्ट, एटीकेट्स, वैल्यू एजुकेशन एवं पर्सनैलिटी ग्रूमिंग जैसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। साथ ही "स्पॉटलाइट चैलेंज" के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास किया जाएगा। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित समर कोर्स 1 मई – 6 जून में अकादमिक मजबूती, इंग्लिश एन्हांसमेंट, स्पोकन इंग्लिश, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, योग एवं स्पोर्ट्स के साथ-साथ लीडरशिप और लाइफ स्किल्स पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

कक्षा 9 से 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए समर कोर्स 1 मई से 6 जून तक सीबीएसई पाठ्यक्रम पूर्णता, करियर गाइडेंस, स्किल-बेस्ड एजुकेशन, ग्लोबल एक्सपोजर एवं लीडरशिप डेवलपमेंट को शामिल किया गया है। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि "हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्य ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें जीवन कौशल, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच से समृद्ध करना है।

### अक्षय गुरुकुल विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बिलासपुर।** अक्षय गुरुकुल आँग्ल माध्यम विद्यालय एल-10 विनोबा नगर का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्राचार्या श्वेता सिंह ने बताया कि 12 वीं का शत प्रतिशत और 10 वीं का 90 प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं में चंद्रभान नंदग्वाल 88%, जिया रजक 75%, शिवम यादव 73%, अंशिका शर्मा 71% , साक्षी भारती 68%, विजय कुर्रे 68%, ऋषभ देव 68% अंक अर्जित किए। दसवीं बोर्ड में साहिल सिदार 78%, रोहन तिवारी 75% दिव्यांक सोनी ने 70% अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। शिक्षण समिति के अध्यक्ष जेपी यादव एवं विद्यालय के संचालक डी.पी. नवग्वाल तथा प्राचार्या श्वेता सिंह ने परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए छात्रों एवं अभिभावकों के साथ विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026 - 27 से कला संकाय हेतु प्रवेश दिया जा रहा है।

### केन्द्र ने रोकी 50 ई सिटी बसों की सौगात

**बिलासपुर।** शहरवासियों को ई सिटी बस सेवा की मिलने वाली सौगात केन्द्र और राज्य के बीच होने वाले अनुबंध के चक्कर में फंस गई है। इसमें लगातार हो रही देरी के कारण ई बसे बिलासपुर नहीं पहुंच पा रही हैं। हालांकि केन्द्र द्वारा बिलासपुर को साढ़े 8 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है। इसमें 5 करोड़ में कोनी में बस डीपो के लिए , डेढ़ करोड़ चार्जिंग स्टेशन के लिए और 2 करोड़ रुपए सब स्टेशन के लिए मिले हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही ई बसें बिलासपुर में दौड़ने लगेंगी। ज्ञात हो कि नगर निगम द्वारा दावा किया गया था कि दिवाली पर शहर वासियों को ई बस सेवा की सुविधा मिल जाएगी। इसके लिए पूरी तैयारी करने की बात भी कही गई थी। हालांकि इसके बाद से इसमें लगातार देरी हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि हमारी तैयारी पूरी है लेकिन केन्द्र से ई बसें नहीं आ पा रही हैं। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन और रखरखाव के आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग सेंटर सहित अन्य आधारभूत कार्य किए जा रहे हैं। इसमें सबसे पहले सिटी ई बस टर्मिनल कांप्लेक्स काम शुरू किया गया है। इसके लिए 2500 केवीए का सब स्टेशन स्थापित किया जा रहा और ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं।

# अगले माह तैयार हो जाएगा शहर में एक और मल्टीलेवल कार पार्किंग

**बिलासपुर।** स्मार्ट सिटी अंतर्गत शहर में दो मल्टीलेवल कार पार्किंग पहले ही बन चुके हैं और अगले माह तीसरा मल्टीलेवल पार्किंग भी बनकर तैयार हो जाएगा। पुराना बस स्टैंड परिसर में आटोमेटेड शटप टाइप मल्टीलेवल कार पार्किंग में सिविल कार्य पूरा हो गया है और कार के लिए लिफ्ट लगाई जा रही है।

स्मार्ट सिटी की ओर से संबंधित ठेका कंपनी को अप्रैल माह का समय मल्टीलेवल पार्किंग का काम पूरा करने दिया गया है, क्योंकि इस काम को पहले ही काफी विलंब हो चुका है। लिफ्ट का सामान आ गया है और लिफ्ट लगाने का काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अंतर्गत पुराने बस स्टैंड परिसर में आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। इसका काम समयावधि में पूरा नहीं हो पाया, इसलिए कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि के पांच प्रतिशत राशि स्मार्ट सिटी द्वारा पेनाल्टी भी लगाया जा चुका है। पुराना बस स्टैंड परिसर निर्माण स्थल पर फेब्रिकेशन स्टील स्ट्रक्चर सहित सिविल का काम हो गया है और अब लिफ्ट, शटल मशीन लगना है। इसके बाद शहर को एक और मल्टीलेवल कार पार्किंग मिल जाएगा। स्मार्ट सिटी तहत कलेक्ट्रेट परिसर के बगल में और सिटी कोतवाली परिसर में दो जगहों पर पहले ही मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण कराया जा चुका है।

स्मार्ट सिटी अंतर्गत छत्तीसगढ़ का पहला आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है। यह पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी।



### 80 कारों समेत बाइक पार्किंग की व्यवस्था

पुराना बस स्टैंड परिसर में करीब साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट एरिया में शटल टाइप मल्टीलेवल कार पार्किंग बन रहा है। यह चार मंजिला कार पार्किंग है, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में बाइक पार्क किया जाएगा और पार्किंग में 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी। यह आटोमेटिक पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में कार खड़ा करते ही लिफ्ट के माध्यम से कार फर्स्ट, सेकंड व थर्ड फ्लोर में जाकर पार्क हो जाएगा।

### एक माह में काम पूरा करने कहा

स्मार्ट सिटी अंतर्गत पुराना बस स्टैंड परिसर में मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम अंतिम की ओर है। स्टील स्ट्रक्चर समेत सिविल वर्क पूरा हो गया है और मशीन लगाने का काम बचा हुआ है। यह काम एक माह के भीतर पूरा करने कहा गया है।

-एसपी साहू, प्रबंधक, स्मार्ट सिटी

### कृषि संकल्प अभियान के लिए टीम गठित

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 5 मई से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान के सफल आयोजन के लिए टीम गठित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। यह टीम सभी विकासखण्डों में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करेगी। इस अभियान के सफल संचालन के लिए विभाग ने अलग-अलग विकासखंडों के लिए विशेषज्ञों की दो-दो टीम गठित की है। बिल्हा विखंमें कृषि विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा कौशिक, डॉ.स्वाति शर्मा, एडीओ डीपी दिवाकर और सीपी ध्रुवे को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। मस्तूरी क्षेत्र में जानकारी प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ हेमकांति बंजारे, डॉ. निवेदिता पाठक, एडीओ केएस मार्को और अनामिका वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार तखतपुर विखं में विशेषज्ञ डॉ.एकता ताम्रकार, डॉ.चंचला रानी पटेल, एडीओ शिल्पा श्रीवास्तव और उषा बैराहा खाण्डे किसानों का मार्गदर्शन करेंगे।

---

**1 मई से 10 जून तक आयोजित किए जाएंगे शिविर, सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक**

# सुशासन तिहार के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी जोन में आज से लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में पूरे प्रदेश में 1 मई से शुरू हो रहा है सुशासन तिहार 2026 के तहत ननि क्षेत्र के सभी 8 जोन क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों के लिए 1 मई से 8 जून तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से आमजनों से उनकी शिकायत, समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। निगम के अलग-अलग वार्डों के लिए अलग-अलग तिथि में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सरकार शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। सुशासन तिहार-2026 के आयोजन के उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। बिलासपुर नगरीय निकाय क्षेत्र में सुशासन तिहार के नोडल ऑफिसर अपर आयुक्त खजांची कुम्हार को बनाया गया है और सभी जोन कमिश्नर सहायक नोडल ऑफिसर रहेंगे तथा मुख्य अभियंता राजकुमार मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एसपी साहू और उपायुक्त श्रीमती दीपिका भगत सहायक नोडल ऑफिसर बनाए गए है।

### इन स्थानों में लगेंगे शिविर

1 मई से 10 जून तक शहर के सभी 70 वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर में पहुंचकर नागरिक अपनी समस्या, शिकायत के लिए आवेदन दे सकते हैं। 1 मई को जोन क्रमांक 1- वार्ड 1 एवं 2 के लिए मिनीमाता सांस्कृतिक भवन सकरी बाजार के पास, 4 मई को जोन क्रमांक 2- वार्ड 5,6,7,8,स्वामी आत्मानंद हायर सेकण्डरी स्कूल तिफरा, 5 मई को जोन क्रमांक 3- वार्ड 15,16,17, नर्मदा नगर सामुदायिक भवन, 6 मई को जोन क्रमांक 4- वार्ड 23,24 डॉ. भीमराव अम्बेडकर शा.उ. मा. विद्यालय, मगरपारा, 7 मई को जोन क्रमांक 5- वार्ड 30,35,36 पुत्री शाला, जूना बिलासपुर, 8 मई को जोन क्रमांक 6- वार्ड 38,39,41 गुजराती समाज भवन टिकरापारा, 11 मई जोन क्रमांक 7- वार्ड 47, 48, 51, 52 हरश्रृंगार सामुदायिक भवन, राजकिशोरनगर, 12 मई जोन क्रमांक 8- वार्ड 59, 60, 61, 62 पं. रामदुलारे स्वामी आत्मानंद स्कूल, मुक्तिधाम सरकण्डा के सामने, 13 मई को जोन क्रमांक 1-वार्ड 3,4 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमेरी, 14 मई को जोन क्रमांक 2- वार्ड क्रमांक 9, पानी टंकी के पास परसदा, 15 मई को जोन क्रमांक 3- वार्ड 19,20,21,25, 26 गजानंद मंदिर परिसर परिजात एक्सटेंशन, 18 मई को जोन क्रमांक 4-वार्ड 24, 26 रमजानी बाबा बाड़ा, तालापारा, 19 को जोन क्रमांक 5- वार्ड 31, 32, 40 शहीद विनोद चौबे सामुदायिक भवन, सरजू बगीचा, 20 को जोन क्रमांक 6- वार्ड 42, 43 हाउसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन देवरीखुर्द, 21 मई को जोन क्रमांक 7-वार्ड 49, 50, 53, 54, 55 हाईस्कूल, चिंगराजपारा, 22 मई को जोन क्रमांक 8- वार्ड 63, 64, 65, 66 शहीद अविनाश शर्मा स्वामी आत्मानंद कन्या उमाशाला, नूतन चौक सरकण्डा के पास, 25 मई को जोन क्रमांक 1- वार्ड 13, 14 माता चौरा वार्ड कार्यालय के पास, 26 मई को जोन क्रमांक 2-वार्ड 10, 11, 12 पुराना नगर पंचायत भवन सिरगिट्टी, 28 मई जोन क्रमांक 3-वार्ड 18, 22 तिलक नगर सामुदायिक भवन, 2 जून को जोन क्रमांक 4-वार्ड 27, 28, 29 एल.-2, दुर्गा पण्डाल के पास, 3 जून को जोन क्रमांक 5 - वार्ड 33, 34, 37 डीपी विप्र महाविद्यालय, 4 जून को जोन क्रमांक 6- वार्ड 44, 45, 46, 69, 70 सिंधु समाज सामुदायिक भवन हेमूनगर, 5 जून को जोन क्रमांक 7- वार्ड 56, 57, 58 वार्ड क्रमांक दयानंद सेवा धाम भवन, 8 जून को जोन क्रमांक 8-वार्ड 67, 68 परशुराम भवन केपीएस स्कूल के पास कोनी में शिविर आयोजित किया जाएगा।


विनय शर्मा
कपिल शुक्ला
बेलतरा विधानसभा के यशस्वी एवं युवा विधायक
माननीय श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आशीष शुक्ला
अभिषेक गुप्ता
प्रदीप मिश्रा


आदरणीय भैय्या
सुशांत शुक्ला जी
(विधायक बेलतरा विधानसभा)
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : समस्त कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा क्षेत्र


मणिदास मानिकपुरी
अध्यक्ष, उत्तर मंडल बेलतरा
मनोज पटेल
विधायक प्रतिनिधि ज.पं. बिल्हा
गंगाप्रसाद साहू
महामंत्री
यशस्वी बेलतरा विधायक मान. श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक बेलतरा
विनीत-समस्त कार्यकर्ता
उत्तर मण्डल बेलतरा विधानसभा
संकलनकर्ता
राधेश्याम कोरी
हरिभूमि प्रतिनिधि बेलतरा
मो. 9098761253


जीवन शरदः शतम्
बेलतरा का बेटा
संवार रहा बेलतरा
जनसेवा के प्रति समर्पित आदरणीय
श्री सुशांत शुक्ला जी
(लोकप्रिय विधायक बेलतरा) को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
शुभेच्छु : सोमू दुबे एवं AD बिलासपुर
J.J.Ad


|| आपका नेतृत्व, सेवा और समर्पण जन-जन के लिए प्रेरणा है ||
ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।
श्री बृजमोहन अग्रवाल एवं श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज भण्डारी
प्रवेश चड्डा
संजय खण्डेलवाल
नरेन्द्र सिंह कछवाहा
अंजय जोशी
शैलेष शर्मा
अखिलेश बाजपेयी
शरद सिंह
बबलू खण्डेलवाल
द्वारिकेश पाण्डेय
दत्ता त्रिपूरवार
ओमप्रकाश शास्त्री
शिव साहू
संजय जोशी
विवेक पाण्डेय
निखिल केसरवानी
सुनील पंडा
#MGR


"फलक पर निकला है एक सूरज यह बताने को
कि रौशनी बाँटने से उजाले कम नही होते ..."
जन सेवा के पर्याय, कर्मठ व्यक्तित्व के धनी
बेलतरा के यशस्वी विधायक
आदरणीय भैय्या
सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें
ऋषभ चतुर्वेदी
जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, बिलासपुर (ग्रामीण)
बृजेश शर्मा
जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, बिलासपुर (ग्रामीण)
अनिश धीवर
जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, बिलासपुर (ग्रामीण)
प्रवीण सोनकर
जिला मंत्री, भारतीय जनता युवा मोर्चा, बिलासपुर (ग्रामीण)
अभिषेक साव
जिला मंत्री, भारतीय जनता युवा मोर्चा, बिलासपुर (ग्रामीण)
यश गौराहा
जिला कार्यालय मंत्री, भारतीय जनता युवा मोर्चा, बिलासपुर (ग्रामीण)
अंकुर सिंह ठाकुर
जिला महामंत्री, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
अंकित मिश्रा
जिला मंत्री, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
ज्ञानेन्द्र कश्यप
जिला उपाध्यक्ष, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
भास्कर पटेल
जिला उपाध्यक्ष, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
अमन अग्रहरी
जिला उपाध्यक्ष, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
सागर वर्मा
जिला उपाध्यक्ष, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
सूरज साहू
जिला मंत्री, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
जयशंकर साहू
जिला मंत्री, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
रितेश कलवानी
जिला कोषाध्यक्ष, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
आनीश अवस्थी
जिला सह-कोषाध्यक्ष, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
देव किशन साहू
जिला सह-कोषाध्यक्ष, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
विक्रांत कोरी
जिला कार्यालय सह-मंत्री, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
भाव्या शुक्ला
जिला कन्या शक्ति संयोजिका, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
नेहा कोरी
जिला कन्या शक्ति संयोजिका, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
तुषार चंद्राकर
जिला महामंत्री, भाजयुमो, बिलासपुर (ग्रामीण)
विनीतः भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला बिलासपुर (ग्रामीण)

# विकास के नये आयाम गढ़ता बेलतरा










"जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है
विकास ही मेरी प्राथमिकता"

## बेलतरा विधानसभा में माननीय विधायक श्री सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में ₹1049 करोड़ से अधिक के ऐतिहासिक विकास कार्य स्वीकृत एवं प्रगतिरत्

- **लोक निर्माण विभाग (सड़क)**
  सैकड़ो किलोमीटर सड़कों का निर्माण एवं मजबूतीकरण प्रमुख पुल-पुलियों का निर्माण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 169 करोड़ 97 लाख की स्वीकृति
- **लोक निर्माण विभाग (सेतु)**
  पुल-पुलियों का निर्माण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 41 करोड़ 37 लाख की स्वीकृति
- **लोक निर्माण विभाग (भवन निर्माण एवं अधोसंरचना)**
  ट्रांजिट हॉस्टल, सरकारी कार्यालय भवन निर्माण, छात्रावास, आईटीआई एवं कॉलेज भवनों का विकास पशु चिकित्सालय एवं अन्य सार्वजनिक भवन के लिए 31 करोड़ 2 लाख की स्वीकृति
- **जल संसाधन विभाग**
  नेवसा उद्धवन, गोंदईया, लगरा, लखराम सिंचाई योजनाओं का विस्तार एनीकट, नहर एवं जलाशयों का निर्माण/मरम्मत किसानों को बेहतर जल सुविधा के लिए 77 करोड़
- **ऊर्जा एवं विद्युत विभाग**
  नवीन 11 के.व्ही. उपकेन्द्र सेलर, बनियाडीह, साइंस कॉलेज सब-स्टेशन की स्थापना विद्युत आपूर्ति में सुधार एवं विस्तार के लिए 6 करोड़
- **शिक्षा एवं स्वास्थ्य**
  स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष एवं छात्रावास आयुर्वेद कॉलेज निर्माण स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार के लिए 96 करोड़
- **खेल एवं युवा कल्याण**
  बहतराई स्टेडियम, मल्टीपरपज हॉल मोपका, हॉकी पवेलियन, जिला खेल परिसर फ्लड लाईट उन्नयन एवं खेल सुविधाओं का विस्तार हॉकी, कबड्डी, तीरंदाजी जैसे खेलों को बढ़ावा के लिए 40 करोड़ 78 लाख
- **नगर निगम के 16 वार्डो में किये गये प्रयास**
  नगर निगम वार्डो में सीसी रोड, नाली, स्ट्रीट लाइट, तालाब सौंदर्यीकरण, बॉडी फ्रीजर, वॉटर टैंकर शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार के लिए 166 करोड़
- **ग्रामीण पंचायत विकास**
  विभिन्न ग्रामों में शालाओं के लिए कम्प्यूटर, वॉटर प्यूरीफायर, ओपन जिम, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, मंडी बोर्ड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, गौरव पथ, स्ट्रीट लाइट, तालाब सौंदर्यीकरण, मंच निर्माण, बॉडी फ्रीजर, वॉटर टैंकर जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार के लिए 66 करोड़ 75 लाख
- **महिला एवं बाल विकास**
  वर्किंग वूमेन हॉस्टल एवं टेक्नोलॉजी सेंटर महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष पहल पर 227 करोड़

### विशेष प्रयास

| | |
|---|---|
| 70 वर्षों से लंबित नेवसा सिंचाई परियोजना की स्वीकृति | - 49 करोड़ |
| नगर निगम के 16 वार्डो के समग्र विकास हेतु | - 166 करोड़ |
| कोनी मोपका बाईपास सड़क हेतु | - 83 करोड़ |
| साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम हेतु | - 22 करोड़ |

### लक्ष्य

प्रत्येक ग्राम पंचायत में महतारी सदन निर्माण
प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामुदायिक भवन निर्माण
प्रत्येक ग्राम पंचायत में वाटर टैंक की उपलब्धता
उप-स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन, मॉडल आंगनबाड़ी,मॉडल स्कूल निर्माण



बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण



बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में पहली बार भव्य बेलतरा महोत्सव का आयोजन



सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने का लक्ष्य लेकर नवरात्र के पावन पर्व पर बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 211 किमी धार्मिक ध्वज यात्रा



छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं महिलाओं के सम्मान में तीजा तिहार का आयोजन

बेलतरा विधानसभा के लाड़ले विधायक

# सुशांत शुक्ला जी

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...




बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए सिटी बस सर्विस का संचालन

J.J.Ad

शुभेच्छु : समस्त पदाधिकारी कुमार दिलीप सिंह जूदेव फाउंडेशन


संघर्ष से शिखर
तक आपके साथ....
जय वाधवानी
( पार्षद वार्ड क्र. 50 )
लखन वाधवानी
(जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य भा.ज.यु.मो.)
बेलतरा के लोकप्रिय यशस्वी विधायक
युवा हृदय सम्राट बड़े भईया
मान. श्री सुशांत शुक्ला जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शरद खैरवार
( अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा बेलतरा )
विनीत :- पार्वती राइस मील, वार्ड क्र. 50 समस्त मतदातागण
मिन्हाज मेमन (राजा)

## खबर संक्षेप

### छात्रा से 1 लाख की ऑनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** क्रेडिट कार्ड इशू होने का झांसा देकर एक छात्रा ने 1 लाख 10 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेलीनाका में रहने वाली एक छात्रा को अननोन मोबाइल नम्बर से फोन कर क्रेडिट कार्ड इशू होने की बात कहते हुए गोपनीय जानकारी मांगी। छात्रा ने कोई भी गोपनीय जानकारी नहीं दिया। उसके बाद उनके बैंक खाते से 1 लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बारातियों से भरा पिकअप पलटा, एक की मौत

**बिलासपुर।** बारातियों से भरा पिकअप पलटने से एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, 26 अप्रैल को पिकअप क्रमांक सीजी 12 एएक्स, 9589 का ड्राइवर उमरिया दादर से 20 से 25 लोगों को भरकर ग्राम कारीकछार बारात आया था। वापस जाते समय ड्राइवर के द्वारा तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाने से करमा पोड़ी के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया था। हादसे में गंभीर रूप से घायल 8 बारातियों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 27 अप्रैल को घायल बाराती उमरिया दादर निवासी रामझुल पिता हरदेव सिंह 45 साल की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने पिकअप ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का प्रकाट्य दिवस आज

**बिलासपुर।** अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का प्रकाट्य दिवस 1 मई को अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल चपोरा में मनाया जाएगा। इस दिन सुबह आश्रम स्थल की साफ सफाई एवं श्रमदान के पश्चात पवित्र ग्रंथ सफल योनि का पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात बाबा सिद्धार्थ गौतम राम का तैल चित्र का पूजन किया जाएगा। इसके बाद सामूहिक हवन पूजन किया जाएगा। प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन होगा। यह जानकारी विनोदी तंबोली ने दी।

### श्री सदगुरू कबीर प्रकट उत्सव 27 जून से

**बिलासपुर।** श्री सदगुरू कबीर प्रगट उत्सव का 2 दिवसीय कार्यक्रम 27 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सदगुरू कबीर गुरू धर्मदास मंदिर जरहाभाठा में आयोजित किया जा रहा है। समाज के पूर्व अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी और पंथ प्रचारक अमरूदास दिवान ने बताया कि 27 जून को गुरू महिमा पाठ सुबह 9 बजे सत्संग भजन का कार्यक्रम होगा। इसी तरह दूसरे दिन 28 जून को कबीर सत्संग भजन दोपहर 3 बजे से सात्विक यज्ञ चौका आरती होगी। इसके अलावा कबीर पंथ समाज का सामूहिक विवाह समारोह आमीनमाता महिला मंडल द्वारा किया जाएगा। सदगुरू भंडारा प्रतिदिन लगेगा। इसे सफल बनाने के लिए महंत लीलादास साहेब, रमेश्वर बुनकर, बहोरनदास, केदार महंत आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आयोजन समिति से संपर्क कर सकते हैं।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 मई तक

**बिलासपुर।** प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2026 तक के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन पत्र 1 से 31 मई तक निर्धारित कार्यालयीन समय में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग तृतीय तल बिलासपुर में जमा किए जा सकेंगे। बिलासपुर संभाग के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय कार्यालय प्रमुखों उनके विभाग एवं कार्यालय में पदस्थ वे लिपिक कर्मचारी, जिन्होंने तीन वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो तो आवेदन दे सकते है। पूर्व में आवेदन कर चुके सभी कर्मचारियों को भी इस सूचना के प्रकाशन उपरांत प्रवेश के लिए पुनः आवेदन करना अनिवार्य होगा।

**2 करोड़ की सट्टापट्टी जब्त**

**किराए के मकान में खिलाया जा रहा था ऑनलाइन लूडो**

# ऑनलाइन लूडो व क्रिकेट सट्टा खिलाते नाबालिग सहित 7 सटोरिए गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने किराए के मकान में ऑनलाइन लूडो व आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते नाबालिग सहित 7 सटोरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 21 मोबाइल, 3 लैपटाप, 13 नग एटीएम कार्ड, 8 नग बैंक पासबुक, 1 क्रेटा कार व 2 करोड़ की सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।





एसीसीयू टीम को सूचना मिली सकरी ओम स्पेस कालोनी में कुछ लोग किराए के मकान लेकर आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में एसीसीयू टीम व सकरी पुलिस ने कालोनी में एक मकान में दबिश देकर सट्टा खिलाते नाबालिग सहित 7 सटोरियों को पकड़ लिया। सटोरिए ऑनलाइन लूडो व आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे थे। उनके पास से 21 मोबाइल, 3 लैपटाप, 13 नग एटीएम कार्ड, 8 नग बैंक पासबुक, 1 क्रेटा कार व 2 करोड़ की सट्टापट्टी जब्त की गई है। सकरी पुलिस ने जुआ प्रतिषेध अधिनियम 7, 2 एवं बीएनएस की धारा 112 के तहत सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दिल्ली से जुड़े हैं तार

मुख्य सरगना राहुल छाबड़ा ने मध्य प्रदेश सागर से 5 लोगों को आपरेट करने के लिए बुलाया था। उसके एवज में वह एक व्यक्ति को मोटी रकम 30 से 40 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दे रहा था। वहीं छाबड़ा दिल्ली के मुख्य सरगना के लिए सट्टा का काम कर रहा था। एक मैच में लगी मोटी रकम भेजने पर उसे 10 प्रतिशित कमीशन मिल रहा था। पुलिस एण्ड टू एण्ड के तहत प्रमुख खाईवाल को पकड़ने में लगी हुई है।

### फ्रिज कुलर में छिपा दिया मोबाइल

पुलिस ने उक्त मकान में जाकर दरवाजा खटखटाया तो खाईवाल को छापे की भनक लग गई। सटोरियों ने अपना मोबाइल फ्रिज व कूलर के अंदर छिपा दिया था। काफी मशक्त के बाद दरवाजा खोलने पर पुलिस ने फ्रिज, कूलर के अंदर से मोबाइल बरामद किया है।

### पकड़े गए सटोरिए

- राहुल छाबड़ा पिता मोहनलाल छाबड़ा 30 साल स्वर्णीम एरा कालोनी सरकण्डा
- ओमप्रकाश नागवानी पिता विजय कुमार 21 साल सिंधी केम्प सुभाषनगर सागर
- आशीष सोमानी पिता मनोहर लाल सोमानी 37 साल सिंधी मोहल्ला शंकरपथ बालाघाट
- कैलास चावला पिता चंद्रलाल चावला 26 साल माधव नगर कटनी
- विजय नागवानी पिता केशव नागवानी 42 साल कटनी शहीद द्वार
- दिनेश लालवानी पिता माधव दास लालवानी 19 साल माधव नगर कटनी
- एक नाबालिग

**महिला आरक्षण बिल पास नहीं होने के विरोध में भाजपा पार्षदों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित**

# नगर निगम के विशेष सम्मेलन में हंगामा कांग्रेस पार्षद बहिष्कार कर बाहर निकल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास नहीं होने के विरोध को लेकर गुरुवार को नगर निगम में विशेष सम्मेलन बुलाया गया था, जिसमें जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस पार्षदों ने विशेष सम्मेलन को असंवैधानिक बताते हुए बहिष्कार कर दिया और सदन से बाहर चले गए। बाहर इन पार्षदों ने धरना देकर सत्तापक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। इधर सत्तापक्ष के भाजपा पार्षदों ने बहुमत के आधार पर महिला आरक्षण बिल इंडिया गठबंधन के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर दिया।

- **बाहर धरना देकर की नारेबाजी**

नगर निगम की विशेष सम्मेलन आज शाम 4 बजे लखीराम आडिटोरियम में रखा गया था। विशेष सम्मेलन के लिए महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप सहित भाजपा व कांग्रेस के पार्षद पहुंचे थे।

सभापति विनोद सोनी के संबोधन पश्चात कांग्रेस पार्षद दल के नेता भरत कश्यप का संबोधन हुआ, जिसमें उन्होंने सितंबर 2023 में पास हो चुके महिला आरक्षण बिल को लागू करने तथा महिला आरक्षण बिल के लिए नगर निगम में विशेष सम्मेलन बुलाए जाने को दिखावटी राजनीति करार देते हुए भाजपा पार्टी को महिला विरोधी कहा। उन्होंने निगम के विशेष सम्मेलन को ही असंवैधानिक बताते हुए सम्मेलन का विरोध करने की बात कही। इसके साथ ही कांग्रेस पार्षद दल ने महिला आरक्षण का समर्थन करने तथा इस विषय पर विशेष सम्मेलन का विरोध जताते हुए सभापति को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद जैसे ही महापौर श्रीमती पूजा विधानी का भाषण शुरू होने वाला था वैसे ही कांग्रेस पार्षदों ने हाथ में पोस्टर लेकर खड़े हो गए और नारेबाजी करने लगे। इ

तने में भाजपा पार्षद भी कांग्रेसी पार्षदों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे और देखते ही देखते सदन में हंगामा होने लगा और कांग्रेस पार्षद विशेष सम्मेलन का बहिष्कार कर बाहन निकल आए। बाहर आकर कांग्रेसी पार्षद कुछ देर धरना पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। कांग्रेसी पार्षदों का बाहर प्रदर्शन चलता रहा और भीतर भाजपा पार्षदों द्वारा महिला आरक्षण बिल संसद में इंडिया गठबंधन द्वारा पास नहीं होने देने के विरोध में निंदा प्रस्ताव लाया गया जो बहुमत से पारित हो गया।



नगर निगम सभापति को ज्ञापन सौपते कांग्रेसी पार्षद।



सभा को संबोधित करती मेयर पूजा विधानी एवं उपस्थित सदस्य।

### पढ़कर सुनाया गया निंदा प्रस्ताव

सदन में निंदा प्रस्ताव पढ़कर सुनाया गया, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को लोकसभा में पारित न होने देने पर इंडिया गठबंधन को महिला विरोधी मानिसिकता बताते हुए घोर निंदा की गई और कहा गया कि भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है, वहीं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थो को राष्ट्रहित से ऊपर रखकर न केवल महिलाओं के साथ छलावा किया है, बल्कि भारत के लोकतांत्रित मूल्यों को भी ठेस पहुंचाने का कार्य किया है।

### कांग्रेस पार्षदों ने जताया विरोध

कांग्रेस पार्षद दल की ओर से सभापति को जो विशेष सम्मेलन बुलाने पर विरोध दर्ज कराया गया, उसमें कहा गया कि विशेष सम्मेलन नगर निगम के धारा 30 की अवहेलना की जा रही है जिसका हम विरोध करते हैं। ननि का विशेष सम्मेलन नगर की समस्याओं पर चर्चा के लिए सम्मेलन बुलाया जाता है जबकि शहर में अभी किसी तरह की आपात परिस्थिति नहीं बनी है। उनका कहना था कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने 2023 में बिल पास हो चुका है उसे तत्काल लागू किया जाए।

### कांग्रेस पार्षदों को बांटा गया मास्क

विशेष सम्मेलन के दौरान भाजपा पार्षद रंगानादम सर्जिकल मास्क लेकर पहुंचे और कांग्रेस पार्षद दल के दीर्घा में जाकर सभी कांग्रेस पार्षदों को यह कहकर मास्क बांटने लगे कि उन्हें आज निंदा प्रस्ताव दौरान चुप रहना है। कांग्रेसी पार्षदों ने मास्क तो ले लिया, किन्तु चुप नहीं रहने की बात कही।

### काला कपड़ा पहनकर पहुंचे भाजपा पार्षद

नगर निगम के विशेष सम्मेलन में सत्तापक्ष भाजपा के ज्यादतर पार्षद काला कपड़ा पहनकर पहुंचे थे। यह काला कपड़ा महिला आरक्षण संशोधन बिल पास नहीं होने देने इंडिया गठबंधन के विरोध स्वरूप पहनकर आए थे। इससे सदन में एक तरफ भाजपा पार्षद दल काला कपड़ों में नजर आ रहे थे। वहीं कांग्रेस पार्षद रंग-बिरंगे कपड़ों में पहुंचे थे।

**पार्षदों ने कचरा लोड वाहनों को रोका**



मंगला धुरीपारा के पास नगर निगम द्वारा किया जा रहा कचरा डंप।

# मंगला क्षेत्र में कचरा डंपिंग को लेकर विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के मंगला क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 13 व 14 में कचरा डंपिंग को लेकर वार्ड पार्षदों और स्थानीय लोगों का गुरुवार को गुस्सा फूट पड़ा। पार्षद सहित वार्ड के लोगों ने नगर निगम के कचरा लोड पांच वाहनों को रोक दिया और उन्हें वापस लौटने मजबूर कर दिया।

- **पांच वाहनों को लौटाया गया**

निगम एरिया में शामिल मंगला के धुरीपारा मुख्यमार्ग पर नियमों को तांक पर रखकर कचरा डंपिंग किया जा रहा है। नगर निगम की कचरा लोड गाड़ियां पर कचरा डंप करती है। यहां पर केवल नाली से निकला ड्रेन सिल्ट और मलबा डालने की अनुमति है। लेकिन गाड़ियों में पेड़ की कटाई से निकली झाड़ियां और अन्य कचरा भी लाकर फेंका जा रहा था। लोगों का आरोप है कि इस तरह झाड़ियां और सूचा कचरा डालने से अक्सर असामाजिक तत्वों द्वारा कचरा में आग लगा दिया जाता है। इससे न केवल 10 से 20 फीट तक आग फैल जाती है, बल्कि जहरीला धुआं पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लेता है। हालात इतने खराब है कि कुछ दिन पहले लगी आग को फायर ब्रिगेड भी पूरी तरह बुझा नहीं पाई थी। पार्षद रमेश पटेल और पार्षद हेमंत मरकाम ने बताया कि यहां ड्रेन सिल्ट डालने की जगह है। लेकिन झाड़ियां और अन्य कचरा फेंका जा रहा है, जिससे आग लगती है और जहरीला धुआं पूरे वार्ड को प्रभावित करता है। हमने गाड़ियों को रोका है और साफ मना किया है कि यहां ऐसा कचरा न डाला जाए। वार्ड के लोगों का कहना है कि कचरे के अंबार बदबू और धुएं के कारण उनका जीना मुश्किल हो गया है। गीला-सूख कचरा, मेडिकल वेस्ट और यहां तक कि मृत मवेशी भी सड़क किनारे फेंके जा रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

# सिम्स में पार्किंग व्यवस्था बिगड़ी मर्चुरी में खड़ी हो रही गाड़ियां

**बिलासपुर।** सिम्स में पार्किंग की व्यवस्था अब कमजोर पड़ने लगी है। गाड़ियों की तादात बढ़ने के कारण पार्किंग अब सिम्स के लिए जंजाल साबित हो रहा है। वहीं सिम्स में पहले से ही स्टाफ पार्किंग अलग कर दिया गया है लेकिन इसके बावजूद मर्चुरी में पार्किंग की जा रही है, जिससे शव ले जाने और परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- **शव ले जाने में होती हैं दिक्कतें**

सिम्स में रोजाना 2 हजार से अधिक ओपीडी और 600 से अधिक आईपीडी मरीज आते हैं, ऐसे में पार्किंग की समस्या विकराल होती जा रही है। यही कारण है कि वाहनों की देख रहे और पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सिम्स प्रबंधन ने पार्किंग बनाई है लेकिन कुछ लोगों के द्वारा बेतरतीबी पार्किंग की जा रही है। पिछले 15 दिनों से सिम्स के मच्यूरी में भी पार्किंग की जा रही है। इस दौरान पोस्टमार्टम के लिए आए परिजनों की गाड़ी, शव वाहन और एम्बुलेंस को अंदर ले जाना मुश्किल होता है। साथ ही कार जैसी बड़ी गाड़ियों के पार्किंग के बाद हालत बिगड़ जाती है, कई बार पोस्टमार्टम में लगे कर्मचारी, स्टाफ के साथ वाहन मालिकों की बहस तक हो रही है। ऐसे में सिम्स प्रबंधन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।



### दी जाएगी चेतावनी

मर्चुरी में गार्ड रखा गया है, वहां किसी भी पार्किंग की जगह नहीं है, लोगों को निर्धारित जगह पर ही पार्किंग करना होता है। इसके लिए जिम्मेदार को चेतावनी दी जाएगी।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

# आउटर के पंपों में पेट्रोल तो कहीं डीजल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर से लगे चारों दिशाओं में स्थापित पेट्रोल एवं डीजल पंपों में अचानक पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की शिकायतें मिल रही हैं। पंप में कहीं पेट्रोल तो कहीं डीजल की उपलब्धता नहीं है। कुछ पेट्रोल पंप में केवल प्रीमियम पेट्रोल ही उपलब्ध है। इधर पेट्रोलियम कंपनी का कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई में कहीं कोई दिक्कत नहीं है, भंडारण पर्याप्त है। पेट्रोल व डीजल की कमी को लेकर शहर में गुरूवार को एक बार फिर अफवाह उड़ने लगी थी। शहर के भीतर स्थापित पेट्रोल पंपों में तो ऐसी कोई स्थिति देखने को नहीं मिली, लेकिन आउटर के पंपों में कहीं-कहीं पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की शिकायत की जाती रही। हालांकि इस दौरान पेट्रोलियम पदार्थ नहीं होने के कारण पूरा का पूरा पेट्रोल पंप ही बंद रहा हो, ऐसी स्थिति कहीं भी निर्मित नहीं हुई है। रायपुर रोड के पेट्रोल पंप में केवल प्रीमियम पेट्रोल उपलब्ध होने व सामान्य पेट्रोल उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई। इसी तरह सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पहले कोनी स्थित पेट्रोल पंप में भी केवल प्रीमियम पेट्रोल ही उपलब्ध होने की बात वाहन चालकों के द्वारा कही गई है। इस संबंध में पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई पंप संचालकों को पूरी तरह नगद आधार पर की जाती है। ऐसे में कभी-कभी पंप में पेट्रोल या डीजल समाप्त होने की स्थिति से पहले ही संचालकों द्वारा कंपनी को सप्लाई के लिए एडवांस पेमेंट में देरी या अवकाश का दिन होने करने के कारण आपूर्ति नहीं हो पाती। लिहाजा पंप ड्राई हो जाते हैं। हालांकि यह स्थिति लंबे समय के लिए न होकर कुछ समय के लिए ही होती है, लेकिन तब तक आजजनों में पेट्रोल व डीजल की किल्लत होने जैसी अफवाह फैल चुकी होती है।

- **कहीं सिर्फ प्रीमियम पेट्रोल उपलब्ध**
- **कंपनी बोली सप्लाई में कहीं कोई दिक्कत नहीं**



### पर्याप्त भंडारण है

पंप संचालकों द्वारा कंपनी को एडवांस पेमेंट में विलंब होने के कारण कुछ समय के लिए अनुपलब्धता जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है। पेट्रोल या डीजल की कमी होने या सप्लाई बाधित होने जैसी कोई बात ही नहीं है। भंडारण पर्याप्त है।

**-फणेंद्र चंद्राकर**, सेल्स आफिसर आईओसीएल

# आरओबी लांचिंग से ट्रेनों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**बिलासपुर।** बोरीडांड से अंबिकापुर सेक्शन में रोड ओवरब्रिज 172 एवं रोड ओवरब्रिज 195 के डी लांचिंग का कार्य किया जाएगा। इसमें डी लांचिंग के लिए ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक के कारण इस मार्ग की गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर मंडल में अधोसंरचना विकास कार्यो को गति देने बोरीडांड से अंबिकापुर खंड के कटोरा से बैकुंठपुर रोड के बीच स्थित रोड ओवरब्रिज क्रमांक 172 एवं शिवप्रसाद नगर से कटोरा के बीच स्थित रोड ओवरब्रिज क्रमांक 195 पर डी लांचिंग कार्य होगा। इसके लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह कार्य बोरीडांड से सूरजपुर रोड दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसकी वजह से मार्ग की कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा। इसमें 3 एवं 10 मई को शहडोल से चलने वाली 68749 शहडोल-अंबिकापुर मेमू पैसेंजर, 3 व 10 मई को अंबिकापुर से चलने वाली 68758 अंबिकापुर-अनूपपुर मेमू पैसेंजर, अनूपपुर से चलने वाली 68759 अनूपपुर-मनेन्द्रगढ़ मेमू पैसेंजर, मनेन्द्रगढ़ से चलने वाली 68757 मनेन्द्रगढ़-अंबिकापुर मेमू पैसेंजर, अंबिकापुर से चलने वाली 68750 अंबिकापुर-शहडोल मेमू पैसेंजर को रद्द किया जाएगा।



### 9 स्टेशनों को मिला आईएसओ प्रमाणन

रेल मंडल बिलासपुर की उपलब्धि मिली है, जिसमें डिवीजन के 9 प्रमुख स्टेशनों को आईएसओ प्रमाणन दिया गया है। रेलवे की स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत परिकल्पना को साकार करते हुए दपूमरे के बिलासपुर मंडल ने पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्धि अर्जित की है। इस अभियान के अंतर्गत बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, कोरबा, अनूपपुर, पेण्ड्रारोड, शहडोल, उमरिया, अंबिकापुर सहित 9 स्टेशनों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

# सुशासन तिहार से प्राप्त शिकायतों का प्राथिमकता के साथ निराकरण करने आईजी ने दिए निर्देश

**बिलासपुर।** आईजी राम गोपाल गर्ग ने 29 अप्रैल को बिलासपुर रेंज द्वारा जिले के वरि. पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों की वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में शशि मोहन सिंह, भोजराम पटेल, मनोज खिलारी, सिद्धार्थ तिवारी, प्रफुल्ल ठाकुर, आंजनेय वार्ष्णेय, सुश्री निवेदिता पॉल, मधुलिका सिंह, विवेक शर्मा आदि शामिल थे।

श्री गर्ग द्वारा बैठक में कानून व्यवस्था और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने 1 मई से 10 जून तक प्रारंभ 'सुशासन तिहार' के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। रेंज में लंबित 2374 मर्ग प्रकरणों (विशेषकर वर्ष 2024 के पूर्व के) का तत्काल निराकरण करने तथा हत्या के मामलों में डीएनए जांच और एफएसएल रिपोर्ट प्राथमिकता पर प्राप्त करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट सत्यापन का कार्य 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन पूरा किया जाए। इसके लिए नागरिकों को अनावश्यक रूप से थाने बुलाने या भौतिक दस्तावेज सत्यापन की बाध्यता को खत्म करने पर जोर दिया गया है। वहीं माइनिंग क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मियों की मुसाफिरी दर्ज करने, हाईवे पेट्रोलिंग को और प्रभावी बनाने तथा बाहरी राज्यों में जाने वाली पुलिस टीमों के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए।

